3 बस्तर संभाग
धान बेचने वाले किसानों को न कोई परेशानी...

6 अभिमत
संविधान की शुचिता का संरक्षण अनिवार्य

9 छत्तीसगढ़
21495 किसानों की सुविधाओं का जायजा लेने निकली...

10 संस्कारधानी
महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक का दावा...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 30 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 100 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी वाराणसी में 50 किमी हवाई और 40 किमी सड़क मार्ग से घूमेंगे

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में प्रवास के दौरान 50 किमी की हवाई और 40 किमी की सड़क यात्रा करेंगे। वह इस वर्ष लॉकडाउन लगने के पहले फरवरी में काशी आए थे। यह उनका 23वां दौरा होगा। लगभग सात घंटे के प्रवास के दौरान वह दो जनसभाओं के जरिए अपने संसदीय क्षेत्र समेत तीन लोकसभा व सात विधानसभा क्षेत्रों के लोगों से जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री का मुख्य कार्यक्रम मिर्जामुराद के खजुरी में राजातालाब-हंडिया सिक्सलेन का लोकार्पण और देवदीपावली महोत्सव में सहभागिता है।

### सिडनी में हार की हैट्रिक के साथ भारत ने गंवाई सीरीज

**सिडनी।** करिश्माई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ (104) के लगातार दूसरे तूफानी शतक और सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (83), आरोन फिंच (60), मार्नस लाबुशेन (70) तथा ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 63) के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे वनडे में रविवार को एकतरफा अंदाज में 51 रन से हराकर तीन मैचों में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में चार विकेट पर 389 रन का विशाल स्कोर बनाया जो भारत के खिलाफ वनडे में उसका सर्वाधिक स्कोर है।

### आर्थिक और वाहन बिक्री के आंकड़े, बैठक के नतीजे तय करेंगे बाजार की दिशा

**मुंबई।** बीते सप्ताह निवेशकों का रूझान कमोबेश सकारात्मक रहा जिससे घरेलू शेयर बाजार में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी। निवेशक अगले सप्ताह बाजार में निवेश करने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक की बैठक के नतीजे, वाहन बिक्री के आंकड़ों, कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण के दैनिक मामलों और कोरोना वैक्सीन से जुड़ी खबरों पर नजर बनाये रखेंगे। बीते सप्ताह शेयर बाजार में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी और इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 267.47 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 44,149.72 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 109.90 अंक यानी 0.85 प्रतिशत उछलकर 12,968.95 अंक पर पहुंच गया।

# हमारा लक्ष्य, गांधी का राम-राज : भूपेश

## समानता, प्रेम, भाईचारा और भयमुक्त समाज की स्थापना के लिए काम कर रहे

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में उस राम-राज्य की स्थापना के लिए काम कर रही है, जिसकी बात महात्मा गांधी किया करते थे। उन्होंने कहा- असली रामराज वह है जहां समानता, प्रेम और भाईचारा हो, किसी के भीतर किसी भी तरह का भय न हो, जहां शेर और बकरी एक घाट में पानी पी सकें।

श्री बघेल ने जाजंगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में आयोजित एक धार्मिक समारोह में यह बात कही। रामचरित मानस पर आधारित यह समारोह शिवरीनारायण-मठ की ओर से आयोजित किया गया था।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमेशा करुणामय राम की पूजा करने की परंपरा रही है। हम उन्हें साकार और निराकार दोनों रूपों में पूजते हैं। गोस्वामी तुलसी दास ने जहां उनके साकार स्वरूप को जन-जन तक पहुंचाया, वहीं संत कबीर ने राम के निर्गुण रूप की उपासना की। छत्तीसगढ़ का रामनामी समुदाय अपने शरीर पर राम नाम का गोदना अंकित करके उनके निर्गुण रूप की ही आराधना करता है।

श्री बघेल ने कहा महात्मा गांधी के रामराज के सपने को साकार करने के लिए राज्य शासन ने सुराजी गांव योजना शुरु की है। जब हर वर्ग के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को यह महसूस होगा कि प्रदेश में उसकी सरकार है, तभी रामराज का सपना साकार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से असली गो-सेवा तो हमारी सरकार कर रही है। पूरी दुनिया में यह पहली बार हो रहा है कि कोई सरकार किसानों से गोबर खरीद रही है। उन्होंने कहा- हम किसानों से 2 रुपए किलो में गोबर खरीद कर उससे जैविक खाद तैयार कर रहे हैं, जिसका विक्रय 8 रुपए किलो की दर से किया जा रहा है। जब पशुपालकों को गोबर की भी कीमत मिलने लगेगी तब वह अपने हर पशु के चारे की चिंता करेगा, चाहे उनसे दूध न भी मिलता हो। वह अपने पशुओं को घर पर ही बांधकर रखना चाहेगा। गोबरों की खरीद राज्य के 3200 गोठानों के माध्यम से की जा रही है, पूरे प्रदेश में 5000 से अधिक गोठानों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है, इसीलिए कोरोनाकाल की आर्थिक चुनौतियों के बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को उनकी उपज की सही कीमत मिले।

हमने किसानों से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का वादा किया था, सरकार बनने के बाद हमने ऐसा किया भी। हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरु की, जिसके माध्यम से 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से किसानों को आदान सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। तीन किश्तें किसानों के खातों में अंतरित की जा चुकी हैं, चौथी किश्त भी शीघ्र ही उन्हें मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहले राज्य में किसानों की संख्या में गिरावट आ रही थी, खेती का रकबा भी तेजी से सिमटता जा रहा था। पहले जहां 12-15 लाख किसान ही धान बेचने के लिए पंजीयन कराते थे, वहीं इस साल छत्तीसगढ़ के साढ़े 21 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। हमारे कार्यकाल में किसानों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है और खेती का रकबा भी बढ़ा है । जो लोग अपने खेत रेग (ठेके) पर दिया करते थे, उन लोगों ने भी स्वयं खेती करनी शुरु कर दी है, क्योंकि अब उन्हें फसल का अच्छा पैसा मिलने लगा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवरीनारायण वह स्थान है, जहां वनवास काल के दौरान भगवान राम का आगमन हुआ था और माता शबरी का जहां जन्म हुआ था। कोरिया से लेकर बस्तर तक राम के वन गमन मार्ग पर ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां उन्होंने प्रवास किया था। इनमें से 9 स्थानों को चिन्हित कर उन्हें पर्यटक केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा शासन ने राम वन गमन पथ ➤शेष पेज 8 पर

# नक्सलियों के हमले में 1 जवान शहीद, 7 घायल

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के हमले में एक जवान शहीद हो गया और सात अन्य घायल हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि कल देर रात पुलिस के संयुक्त दल पर नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया। इस हमले में घायल जवानों को देर रात ही एयरलिफ्ट कराके बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया। आज तड़के नितिन भालेराव नाम का जवान इलाज के दौरान शहीद हो गया। शेष जवानों का इलाज चल रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक के अनुसार कल चिंतागुफा और चिंतलनार बेसकेंप से कोबरा बटालियन, स्पेशल टास्क फोर्स और जिला रिजर्व पुलिस बल के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे। रात को लौटते वक्त लभगभ नौ बजे चिंतागुफा थाना क्षेत्र में अरबराज मेट्टा पहाड़ियों के पास जब जवानों का दल पहुंचा। घात लगाए नक्सलियों ने बारुदी सुरंग विस्फोट किया, जिसमें आठ जवान घायल हो गए। जवान नितिन भालेराव की स्थिति गंभीर थी।

### शहीद जवान को गृहमंत्री, संसदीय सचिव, डीजीपी ने दी श्रद्धांजलि

शहीद जवान को माना की चौथी बटालियन परेड ग्राउंड में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, डीजीपी डीएम अवस्थी, स्पेशल डीजी अशोक जुनेजा, आईजी आनंद छाबड़ा समेत सीआरपीएफ के आलाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजधानी के नामी हॉस्पिटल श्रीबालाजी सुपर स्पेशिलिटी में घायल जवान भर्ती, हालत स्थिर



सुकमा जिले में नक्सलियों के हमले के दौरान घायल जवानों को बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर की नामी हॉस्पिटल श्रीबालाजी सुपर स्पेशिलिटी मोवा में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने भर्ती जवानों की हालत स्थिर बताई है।

# किसानों ने ठुकरायी सरकार की बातचीत की अपील, 1 दिसंबर से राज्यों में प्रदर्शन

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

नए कृषि कानूनों को लेकर दिल्ली की सीमा पर डटे किसान संगठनों ने सरकार की बातचीत की अपील ठुकरा दी है और एक दिसंबर से सभी राज्यों में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

विरोध कर रहे किसान संगठनों के संयुक्त मंच अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार को उच्च स्तर पर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। समिति ने कहा कि किसानों ने एक दिसंबर से सभी राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। कल देर शाम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किसानों से बातचीत करने की अपील करते हुए कहा था कि तीन दिसंबर को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर किसान संगठनों के साथ बैठक



करेंगे। बयान में कहा गया है कि किसान एकजुट हैं और एक सुर में केन्द्र सरकार से तीन किसान विरोधी, जनविरोधी कानूनों और तथा बिजली विधेयक 2020 की वापसी की मांग कर रहे हैं।

किसान शांतिपूर्वक व संकल्पबद्ध रूप से दिल्ली पहुंचे हैं और अपनी मांग हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पंजाब और हरियाणा से भारी संख्या कुसान में सिंघु और टिकरी बार्डर पर पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश के किसानों की गोलबंदी भी सिंघु बार्डर पर हो रही है।

किसानों का आरोप है कि सरकार ने उनकी मांगों और सवालों पर कोई ध्यान नहीं दिया है। सरकार की कार्यप्रणाली ने अविश्वास और भरोसे की कमी पैदा की है। किसान संगठनों का कहना है कि अगर सरकार किसानों की मांगों को सम्बोधित करने पर गम्भीर है तो उसे शर्तें लगानी बंद कर देनी चाहिए।

### किसान नहीं अडानी-अम्बानी की आय बढ़ा रही है सरकार : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार किसानों का शोषण कर पूंजीपतियों का पोषण कर रही है और किसान की आय दोगुना करने का वादा भूल कर अडानी अम्बानी जैसे उद्योगपतियों की आय बढ़ाने में लगी है। श्री गांधी ने कहा कि वादा था किसानों की आय दुगनी करने का, मोदी सरकार ने आय तो कई गुना बढ़ा दी लेकिन अदानी-अंबानी की। जो काले कृषि क़ानूनों को अब तक सही बता रहे हैं, वो क्या ख़ाक किसानों के पक्ष में हल निकालेंगे।अब होगी।

# कृषि सुधार कानूनों से किसानों की परेशानियां दूर होने लगी हैं: मोदी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि सुधार कानूनों का रविवार को बचाव करते हुए कहा कि इन कानूनों से किसानों के लिए न केवल नये अधिकार मिले और नयी संभावनाओं के द्वार खुले हैं, बल्कि बहुत कम समय में किसानों की परेशानियां भी दूर होने लगी हैं। श्री मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के 18वें 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि का?ी विचार विमर्श के बाद संसद ने कृषि सुधारों को कानूनी स्वरुप दिया। इन सुधारों से न सिर्फ किसानों के अनेक बन्धन समाप्त हुये हैं , बल्कि उन्हें नये अधिकार भी मिले हैं, नये अवसर भी मिले हैं। इन अधिकारों ने बहुत ही कम समय में, किसानों की परेशानियों को कम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में खेती और उससे जुड़ी चीजों के साथ नये आयाम जुड़ रहे हैं। बीते दिनों हुए कृषि सुधारों ने किसानों के लिए नयी संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि बरसों से किसानों की जो मांग थी, जिन मांगों को पूरा करने के लिए किसी न किसी समय में हर राजनीतिक दल ने उनसे वायदा किया था, वे मांगें पूरी हुई हैं। उन्होंने इस संबंध में महाराष्ट्र के धुले जिले के किसान जितेन्द्र भोइजी को मिले लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि इन अधिकारों ने बहुत ही कम समय में किसानों की परेशानियों को कम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून में एक और बहुत बड़ी बात है कि इन कानूनों में ये प्रावधान किये गये हैं कि क्षेत्र के एसडीएम को एक महीने के भीतर किसानों की शिकायतों का निपटारा करना होगा।

## अब तक 62,246,665 लोग संक्रमित हुए हैं और 1,452,430 लोगों की मौत हुई है

# विश्व में संक्रमितों की संख्या 6.22 करोड़, भारत में 93.92 लाख और छत्तीसगढ़ में 2 लाख 35 हजार के करीब

वार्ता ‹ वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो
www.dailypioneer.com


विश्व भर में कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 6.22 करोड़ से अधिक हो गई है और इस महामारी से अब तक 14.52 लाख से ज्यादा लोगों की मौत भी हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व के 191 देशों में कोरोना वायरस से अब तक 62,246,665 लोग संक्रमित हुए हैं और 1,452,430 लोगों की मौत हुई है।

कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका में अब तक 1.32 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 266,063 मरीजों की मौत हुई है। भारत में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 41,810 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या 93.92 लाख के पार पहुंच गयी। वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या 88 लाख से अधिक हो गयी है, जबकि 984 और मरीजों की मौत के साथ ही मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,36,696 हो गया है। देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 4.53 लाख है।

ब्राजील में कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। इस देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 62.90 लाख से पार हो गयी है जबकि 172,561 लोगों की मौत हो चुकी हैं।

फ्रांस में करीब 22.60 लाख लोग प्रभावित हैं और 52,212 मरीजों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 22.23 लाख को पार कर गई है और अब तक 38,676 लोगों की मौत हो गई है। स्पेन में इस महामारी से अब तक 16.28 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 44,668 लोगों की मौत हुई है। ब्रिटेन में अब तक 16.09 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 58,127 लोगों की मौत हो चुकी है। यूरोपीय देश इटली में करीब 15.64 लाख लोग संक्रमित हुए हैं तथा 54,363 लोगों की मौत हुई है।

अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 14.13 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 38,322 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 12.99 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 36,401 लोगों ने जान गंवाई है।



मेक्सिको में कोरोना से अब तक 11.01 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 105,459 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में इस वायरस की चपेट में करीब 10.52 लाख लोग आ चुके हैं तथा 16,181 लोगों की मौत हुई है। पोलैंड में संक्रमण के 9.73 लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं तथा 16,746 लोगों की मौत हो गई है। पेरू में इस वायरस से अब तक 9.60 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं और 35,879 लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में इस महामारी से अब तक 9.35 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 47,486 लोगों की मौत हो गई है।

दक्षिण अफ्रीका में 7.85 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 21,439 लोग काल के गाल में समा गए हैं। यूक्रेन में संक्रमितों की संख्या 7.28 लाख से अधिक हो गई है तथा 12,485 लोगों की मौत हो चुकी है। तुर्की में कोरोना से अब तक 5.78 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 13,373 लोगों की मौत हुई है। बेल्जियम में कोरोना से 5.74 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 16,461 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली में कोरोना से 5.48 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 15,322 लोगों की मौत हुई है। इराक में संक्रमितों की संख्या 5.48 लाख से अधिक और मृतकों का आंकड़ा 12,200 तक पहुंच गया है। इंडोनेशिया में संक्रमितों की संख्या 5.27 लाख से अधिक हो गयी है और मृतकों का आंकड़ा 16,646 तक पहुंच गया है। नीदरलैंड में कोरोना से 5.21 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 9,403 लोगों की मौत हुई है। चेक गणराज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 5.18 लाख से अधिक हो गई है और मृतकों का आंकड़ा 8,054 तक पहुंच गया है। रोमानिया में कोरोना वायरस से 4.65 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुये हैं और 11,045 लोगों की मौत हुई है। बंगलादेश में संक्रमितों की संख्या 4.60 लाख से अधिक हो गई है और 6,580 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलीपींस में इस महामारी से अब तक 4.27 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 8,333 लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान में कोरोना से अब तक करीब 3.95 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं तथा 7,985 लोगों की मौत हो चुकी है। कनाडा ने कोरोना के मामले में सऊदी अरब को पीछे छोड़ दिया है और यहां संक्रमितों की संख्या करीब 3.68 लाख हो गई जबकि अब तक 11,993 लोगों की मौत भी हुई है। सऊदी अरब में भी अब तक कोरोना से 3.56 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं जबकि 5,870 लोगों की मौत हो चुकी हैं। मोरक्को में इस महामारी से अब तक लगभग 3.49 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 5,739 लोगों की जान जा चुकी है। इजरायल में इस महामारी से अब तक लगभग 3.34 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और 2,854 लोगों की जान जा चुकी है। स्विटजरलैंड में इस महामारी से अब तक 3.18 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और 4,621 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस से इक्वाडोर में 13,371, बोलीविया में 8,949, मिस्र में 6,621, स्वीडन में 6,681, चीन में 4,743, ग्वाटेमाला में 4,161, पनामा में 3,039 और होंडुरास में 2,905 लोगों की मौत हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ में अब तक कुल पॉजिटिव केस 2 लाख 34 हजार 725 रही। कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 2 लाख 10 हजार 917 तथा वर्तमान में 20978 मरीज पॉजिटिव है। वहीं तकरीबन 2800 से भी अधिक व्यक्तियों की संक्रमण से मौत हो चुकी है।

# किसानों का कर्ज माफ और बिजली बिल हुआ है हाफ : डॉ. डहरिया

## नगरीय प्रशासन एवं विकास, श्रम मंत्री ने मुनरेठी और बड़गांव में किया विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास और श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। छत्तीसगढ़ की सरकार पूरी तरह से उनके साथ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य में धान खरीदने की शुरूआत की गई । कोरोना के समय देश भर में जहाँ आर्थिक मंदी का दौर था ऐसे में सरकार ने राजीव गांधी योजना के माध्यम से किसानों के खाते में पैसे डाले।

सरकार ने किसानों का कर्ज माफ भी किया और बिजली बिल हाफ भी किया है। सरकार हर समय किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने आरंग विधानसभा के अंतर्गत ग्राम मुनरेठी और बडगांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

इस दौरान मंत्री डॉ डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। शिक्षकों,पुलिस, प्राध्यापकों की भर्ती की जा रही है। स्थानीय छत्तीसगढ़ निवासियों को रोजगार देने के साथ गौधन न्याय योजना के माध्यम से पशुपालकों से गोबर खरीद कर उनके आर्थिक स्तर को सुधारा जा रहा है। मंत्री ने कृषि कानून से किसानों का अहित होने की बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सबसे अधिक कीमत में ही धान की खरीदी होगी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से जो भी अंतर राशि होगी उसका किसानों को भुगतान किया जाएगा। मंत्री डॉ. डहरिया ने ग्रामीणों को बताया कि आरंग क्षेत्र के मुनरेठी में नया धान खरीदी उपार्जन केंद्र प्रारंभ होने से किसानों को अब नगपुरा नहीं जाना पड़ेगा। इस केंद्र से चार गाँव के किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धान खरीदी सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए जगह जगह शेडयुक्त चबूतरे की स्वीकृति की गई है। अधिकांश स्थानों में चबूतरा बन भी गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण,अहाता निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने मुनरेठी में स्थान उपलब्ध होने पर गोठान की स्वीकृति देने, धान बीज गोदाम के लिए प्रस्ताव बनाने की बात कही।

### दिव्यांग आजुदास का जीता दिल तो ग्रामीणों ने खूब बजाई ताली

आरंग ब्लॉक के पचेड़ा में भव्य स्वागत के बीच मंत्री डॉ डहरिया ने यहाँ सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में अपने उदबोधन के साथ जब उन्हें उपस्थित ग्रामीणों की लंबी लिस्ट मिली तो उन्होंने बारी बारी से सबका नाम लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नामों की लिस्ट बहुत लंबी है। आप सभी ने जो मान-सम्मान दिया है उसके लिए आप सभी का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। वैसे जुबान से जिनका नाम लिया वे मेरे दिमाग में हैं और जिनका नहीं ले पाया हूं वे मेरे दिल में है। मंत्री जी की यह बात सुनते ही ग्रामीणों ने खूब तालियां बजाई। इसी दौरान गाँव के ही रिटायर्ड दिव्यांग शिक्षक आजुदास ने मंत्री डॉ डहरिया को गुलदस्ते से स्वागत करना चाहा,लेकिन मंच में रैंप नहीं होने की वजह से शिक्षक मंत्री जी तक पहुँच नहीं पा रहे थे तभी डॉ डहरिया की उन पर नज़र पड़ी। वे रिटायर्ड गुरुजी को देखते ही बोले,आप नीचे ही रहिए,मैं आ जाता हूँ। वे मंच में अपनी कुर्सी से उठे और दिव्यांग गुरुजी के हाथों से गुलदस्ता लेकर अपनी तरफसे फूल माला से उनका स्वागत किया और कहा कि गुरुजी का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। गुरुजी ही हम सभी को सही दिशा दिखाकर हमारा बेहतर भविष्य बनाते हैं। मंत्री जी की इस बात और स्वागत से वहाँ मौजूद सैकडों ग्रामीणों ने न सिर्फखूब तालियां बजाई। मंत्री जी के लिए नारे भी लगाए।

# समर्थन मूल्य पर धान बेचने 21 लाख 29 हजार 764 किसानों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महापर्व एक दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है। राज्य में इस साल धान बेचने के लिए 21 लाख 29 हजार 764 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनके द्वारा बोये गए धान का रकबा 27 लाख 59 हजार 385 हेक्टेयर से अधिक है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की किसान हितैषी नीतियों के चलते दो सालों के दरमियान खेती-किसानी के रकबे और किसानों की संख्या में इजाफा हुआ है। दो सालों में धान बेचने वाले किसानों का रकबा 19.36 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 22.68 लाख हेक्टेयर और किसानों की संख्या 12 लाख 6 हजार बढ़कर 18 लाख 38 हजार हो गई है। इस प्रकार देखा जाए तो रकबे में 3 लाख 32 हजार हेक्टेयर तथा किसानों की संख्या में 6.32 लाख बढ़ोत्तरी हुई है। इस साल धान बेचने के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या 21.29 लाख से अधिक और धान पंजीयन का रकबा 27.59 लाख हेक्टेयर के पार पहुंच गया है।

वर्ष 2017-18 में छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर 56.85 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। दो सालों के दौरान धान खरीदी का यह आंकड़ा 83.94 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया। इस साल धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या और धान की रकबे को देखते हुए समर्थन मूल्य पर बीते वर्ष की तुलना में ज्यादा खरीदी का अनुमान है। इसको लेकर राज्य शासन द्वारा हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। धान उपार्जन के लिए बारदाने की कमी के बावजूद भी सरकार इसके प्रबंध में जुटी है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सहूलियत को लेकर सभी व्यवस्थाएं की जा रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2018-19 में 15.71 लाख किसानों से 80.38 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। वर्ष 2019-20 में 18.38 लाख किसानों से 83.94 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई थी। राज्य में दो सालों में पंजीकृत किसानों की तुलना में धान बेचने वाले कृषकों के प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017-18 में 76.47 प्रतिशत किसानों ने धान बेचा था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश की बागडोर संभालते ही वर्ष 2018-19 में यह आंकड़ा 92.61 प्रतिशत हो गया है।

# हाथकरघा संघ द्वारा 59 लाख से अधिक गणवेश की आपूर्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 27 जिलों में अध्ययनरत स्कूली बच्चों के लिए 59 लाख 95 हजार 712 नग गणवेश की आपूर्ति की गई है। शेष बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक में 37 हजार 398 गणवेश की आपूर्ति जल्द ही की जाएगी। सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन एवं लोक शिक्षा संचालनालय को वर्ष 2020-21 में 27 जिलों के लिए कुल 60 लाख 33 हजार 110 नग गणवेश की आपूर्ति की जानी थी। इससे पहले राज्य के 26 जिलों में 59 लाख 95 हजार 712 नग गणवेश की आपूर्ति की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक में कोरोना संक्रमण के फ्लस्वरूप लॉकडाउन के कारण गणवेश सिलाई एवं आपूर्ति कार्य प्रभावित हुआ। इसके अलावा साथ ही वस्त्र प्रोसेसिंग कार्य चूंकि हैदराबाद में होता है, जहां भारी वर्षा के कारण प्रोसेसिंग कार्य और परिवहन में भी बाधा उत्पन्न हुई। इस वजह से गणवेश की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाई। बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक में गणवेश की आपूर्ति दो दिवस के अंदर ही कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री से गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रतिनिधि मण्डल ने की मुलाकात

## गुरू घासीदास जयंती का दिया आमंत्रण



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रतिनिधि मंडल ने अकादमी के अध्यक्ष के. पी. खाण्डे के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने 18 दिसंबर को अकादमी द्वारा आयोजित हो रहे गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने का आमंत्रण मुख्यमंत्री को दिया। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल ने अकादमी द्वारा किए जा रहे विभिन्न आयोजनों के संबंध में एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, अकादमी के महासचिव डॉ. जे. आर. सोनी, महापौर परिषद के सदस्य सुंदर जोगी सहित सर्वअलख राम चतुवेदी, डी. एस. पात्रे, हीरा लाल साय, पप्पू बघेल, मनीष कोसरिया, अंजोर दास, आर. के. पाटले और रामधनी वर्मा शामिल थे।

## शिवरीनारायण मठ में मुख्यमंत्री का स्वागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से



छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रामायणकालीन स्थल शिवरीनारायण में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से किया गया। मुख्यमंत्री ने शिवरीनारायण मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उनके शिवरीनारायण मठ पहुंचने पर उन्हें ठेठरी, खुर्मी, पपची, अइरसा, मुरकु, खाजा, सलोनी स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से भी तौला गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, राज्यसभा सांसद पी.एल. पुनिया और विधायक मोहन मरकाम भी उपस्थित थे।









## धान खरीदी केन्द्रों पर रखें सतत निगरानी

# धान बेचने वाले किसानों को न हो कोई परेशानी : रजत बंसल

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने धान खरीदी के दौरान उपार्जन केन्द्रों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे धान बेचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।


कलेक्टर ने कहा कि खरीदी छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है का कार्य है तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी हो, इसलिए धान खरीदी के लिए टोकन अधिकतम एक सप्ताह के अवधि तक के लिए दिए जाएंगे। किसानों को जारी टोकन में उल्लेखित तारीख तक किसी कारणवश यदि कोई किसान धान नही



बेच पाता है तो उन्हें पुनः नया टोकन जारी किया जाएगा। धान खरीदी के लिए आवश्यक बारदाने की व्यवस्था खरीदी के पूर्व करने के निर्देश दिए गए हैं। पीडीएस सिस्टम एवं मिलरों से प्राप्त बारदानों का भौतिक सत्यापन करा लें और धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण सहित खरीदी केन्द्र के चारों तरफ सुरक्षा के लिए घेरा की व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, बारदाना, तालपतरी, कांटा-बांट सत्यापन, मास्चर मीटर, बोर्ड लगाने का कार्य खरीदी शुरू होने से पूर्व पूरा कर ऑनलाईन रिपोर्ट अपलोड करने के निर्देश दिए गए। चबूतरा निर्माण का कार्य पूर्ण नही हो पाया है, वे 30 नवम्बर तक निर्माण कार्य पूरा कराएं। धान खरीदी की अवधि में बिना अनुमति के अन्य राज्यों से धान के आवक को रोकने की जिम्मेदारी का निवर्हन करने के निर्देश दिए गए। कोचियों द्वारा अन्य सीमावर्ती राज्यों से धान लाकर यहां बेचा जाता है। इसे रोकने के लिए सीमावर्ती जिलों के सीमा से लगे खरीदी केन्द्रों में विशेष निगरानी रखने और चेक पोस्ट लगाकर जांच करने के निर्देश दिए गए। चार पहिया वाहनों के अलावा मोटर सायकल पर बार-बार धान लाने वालों की भी जांच करने व अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया।

कलेक्टर ने तिरिया में आयोजित विशेष जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने तिरिया ग्राम के विकास के लिए स्वीकृत सभी कार्यों की गति में भी तेजी लाए जाने पर जोर दिया। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा खनिज न्यास निधि मद से किए जा रहे निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण एजेंसियों को जिले के प्रवासी मजदूरों को निर्माण कार्यों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित जेनेरिक दवाई केन्द्रों के विकास, विकासखण्ड स्तर पर रेड क्रॉस के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# दो आईईडी ब्लास्ट में अधिकारी समेत 8 जवान घायल





■ एक अस्सिटेंट कमाण्डेन्ट शहीद

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कल देर रात करीब 8.30 बजे ताड़मेटला इलाके में दो आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से कोबरा 206 के अफसर समेत 8 जवान घायल हो गए थे। जिसमें से अस्सिटेंट कमाण्डेन्ट नितिन मालेराव शहीद हो गए है। खबर की पुष्टि एसपी के एल ध्रुव ने की।

नक्सलियों की सूचना पर जिले के बुकार्पाल कैंप से निकले कोबरा 206 के जवान आईईडी की चपेट में आ गए। सर्चिंग कर जवान वापस कैम्प लौट रहे थे तभी ताड़मेटला के पास नक्सलियों के द्वारा लगाई गई आईईडी के चपेट में आ गई। जिसमें कोबरा 206 के टुआईसी दिनेश कुमार व एसी नितिन मालेराव समेत 10 जवान घायल हो गए। जिसके बाद जवानों को कैंप लाया गया। जहां दो का उपचार किया जा रहा है बाकी को रायपुर भेज दिया गया।

**अस्सिटेंट कमाडेंट शहीद :** वही आईईडी की चपेट में आने से कोबरा 206 के अस्सिटेंट कमाडेंट नितिन मालेराव बुरी तरह घायल हो गए। जो उपचार के दौरान शहीद हो गए। मूलतः नासिक महाराष्ट्र के रहने वाले थे नितिन मालेराव।

घायल को बचाने देर रात नक्सल इलाके में उतारा गया हेलीकॉप्टर

वही घायल जवानों को बचाने के लिए देर रात को चिंतलनार में हेलीकॉटर की नाइट लेंडिंग करानी पड़ी। और सभी घायलों को एयर लिफ्ट कराया गया। और बेहतर इलाज के लिए 8 जवानों को रायपुर भेजा गया।

एसपी के एल ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर एक सयुक्त ऑपरेशन चलाया गया था। जिसमे आईईडी की चपेट में आने से एक अस्सिटेंट कमाण्डेन्ट शहीद हो गए। घायलों की स्थिति ठीक है।

# हाट-बाजार क्लिनिक योजना से लोगों को मिल रहीं है चिकित्सा सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

दूरस्थ एवं पहुंचविहिन क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना की शुरूआत 02 अक्टूबर 2019 को किया गया है, जिससे बाजार स्थल में ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल रहा है। प्रायः यह देखा जाता है कि ग्रामीण अपनी छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बाजार वाले दिन को प्राथमिकता देते हैं। इसे दृष्टिगत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हाट-बाजार वाले स्थानों में आए ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या कराने इस योजना की शुरूआत की गई है। शिविर प्रारंभ होने से लेकर अब तक कांकेर जिले में 48 हजार 893 मरीजो का उपचार हाट-बाजारों के क्लिनिक में किया गया है। जिले के सभी सातों विकासखण्डों के चिन्हांकित 60 हाट-बाजारों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार एवं दवाई का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल उईके ने बताया कि जिले में अब तक 492 शिविरों का आयोजन कर 48 हजार 893 मरीजों का उपचार किया गया एवं निःशुल्क दवाईयां दी गई।


# पुलिस ने 12 दिन से बच्चे के लिए रोती बिलखती मां को मिलाया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मां की ममता और दूध से दूर हुए 36 दिन के दुधमुंहे नन्हे बच्चे को पुलिस ने ढूंढ निकाला और 12दिन से अपने प्रांण प्यारे बच्चे के लिए रोती बिलखती मां को रविवार को उसके हाथों सौंप दिया। बच्चे को पाकर तड़पती हुई मां की खुशी का ठिकाना न रहा और भाव विव्हल मां ने अपने अंतःकरण से पुलिस को आशीष देती धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि कोंडागांव पुलिस जिला के थाना उरंदाबेडा के गांव आलनेर की रामकी बाई 18नवंबर की सुबह लगभग 5-6बजे अपने घर के आंगन की साफ सफाई लीपाई में लगी हुई थी।इसी बीच कोई घर के भीतर घुसकर बिस्तर पर गहरी नींद में सोते हुए महज 36दिन के बच्चे को लेकर कोई लापता हो गया था। जब काम निपटाकर मां अपने बच्चे को देखने पहुंची तो बच्चा बिस्तर पर नहीं मिला। जिससे हड़बड़ाई हुई मां ने अपने बच्चे का पता लगाना आरंभ किया। बच्चे के माता पिता परिवार जन एवं आस पड़ोस के लोग हैरत में पड़ गये और इधर उधर हर संभावित जगह पतासाजी करने लगे। लापता बच्चे के चाचा पीलाराम नाग ने थाना उरंदाबेडा पहुंचकर बच्चे के गायब होने के बारे में जानकारी देते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया और अपराध क्र.8/20 के तहत भा.दंण्ड संहिता की धारा 363का अपराध कायम





करके खोजबीन शुरू करते उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी प्रेषित कर दिया।

खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने अपने मातहत अधिकारियों को बच्चे की पतासाजी में लगा दिया और खुद उरंदाबेडा थाना एवं लापता बच्चे के गांव आलमेर जाकर मामले की पूरी जानकारी लिया और अपने स्टाफ को मार्गदर्शन दिया। लापता बच्चे की माता पिता परिवार जन और पुलिस द्वारा पतासाजी किया जा रहा था पर कंही से कोई पुख्ता जानकारी मिल नहीं पा रहा था। समय बीतने के साथ बच्चे की कुशलता को लेकर चिंता बढ़ते जा रही थी। पतासाजी में बस यह पता चल पाया था कि एक महिला छोटे बच्चे को लेकर जा रही थी चींगनार जाने के रास्ते में बच्चे का मोजा और थोड़ी दूर में उसको ओढ़ाया गया शाल मिला था तथा चौक पर वह महिला चींगनार जाने के रास्ते के बारे में पूछी थी। जिससे बच्चे को चींगनार की तरफले जाने की संभावना पर पतासाजी किया जाता रहा। गुप्त अपुष्ट जानकारी के आधार पर रविवार को पुलिस और बच्चे के माता पिता परिवारजन चींगनार उस घर में पहुंचे जंहा एक बच्चा होने की खबर मिला था। शुरूआती पूछताछ में घर वाले उस बच्चे को अपना बताने लगे वंही आलमेर से पहुंची मां एवं उसके परिवार वाले बच्चे को अपना बताते दावा करने लगे। पुलिस दोनों के दावे को सूनने के बाद पूछताछ करके सच जानने की कोशिश में जुट गयी। अन्ततः जांच पड़ताल में जब पुलिस को यह पूरा भरोसा हो गया तो दोनों पक्षों को थाना लाकर बच्चे को आलमेंर के रामकीबाई एवं श्रवंण कुमार को उसका बच्चा सौंप दिया। अपना खोया हुआ बच्चा 12दिन बाद सकुशल पाकर माता पिता और परिवार जन ने पुलिस का एवं ईश्वर का दिल से शुक्रिया व्यक्त किया।

यह खबर लिखे जाने तक पुलिस की तफ्तीश जारी है और संभावना है कि बहुत जल्दी है

# जवान ने सर्विस रायफल से की आत्महत्या



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के पुसपाल थाने में तैनात सीएएफ 4 बटालियन का जवान दिनेश वर्मा ने सर्विस रायफल से गोली मार कर आत्म हत्या कर दी। एसपी के एल ध्रुव ने पुष्टि की।

जानकारी के मुताबिक भिलाई के शांति नगर निवासी दिनेश वर्मा जो जिले के पुसपाल थाने में सीएएफ 4 बटालियन में तैनात था। पुछ्ले 26 तारीख को ही जवान घर लौटा था। और सोमवार सुबह करीब 8.50 को अपने बैरक में जाकर सर्विस रायफल से गोली मार कर आत्म हत्या कर दी।



## सूकर एवं बकरी पालन से आर्थिक स्थिति में सुधार

**कांकेर।** कांकेर गरीबी एक अभिषाप की तरह होती है, जिसके कारण लोगों को अपनी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में शासन द्वारा संचालित योजनाओं से उन्हें गरीबी से उबरने में मदद मिल रही है। पशुधन विकास विभाग कांकेर द्वारा भी गरीब व्यक्तियों के लिए विभिन्न योजनाओं में जैसे- मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूकर पालन के लिए मदद दी जाती है। विकासखण्ड कांकेर के ग्राम सरंगपाल निवासी राजेन्द्र कुंजाम को पशुधन विकास विभाग द्वारा सूकरत्रयी योजना के तहत् 90 प्रतिशत अनुदान पर 02 मादा एवं 01 नर सूकर प्रदाय किया गया तथा विभागीय अमलों के द्वारा समय-समय पर रख-रखाव के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन जैसे - टीकाकरण, उपचार एवं औषधि वितरण की जानकारी दिया गया।

# हूंगाराम ने तालाब की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए एनएमडीसी प्रबन्धन को पत्र लिखा

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में अतिवृष्टि के कारण एनएमडीसी 11बी पहाड़ियों से आकर लाल मिट्टी एवं छोटे छोटे लौह अयस्क नगर के वार्ड क्र 03 बंगाली कैम्प तालाब में जमा हो गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद किरंदुल हूँगाराम गोन्दे ने तालाब की साफ सफाई एवं सौंदर्यीकरण के लिए एनएमडीसी प्रबन्धन को पत्र प्रेषित किया था। नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय का कहना है तालाब में नगर के आम नागरिकों द्वारा समय समय पर धार्मिक कार्यक्रम किया जाता है जिसके मद्देनज़र तालाब की साफ सफाई हेतु



एनएमडीसी प्रबन्धन को पत्र दी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एचआर गोंदे का कहना है हमने एनएमडीसी किरंदुल को इस विषय में अवगत कराया है एनएमडीसी द्वारा टेंडर के माध्यम से जल्द ही इस तालाब की सफाई करवाया जाएगा उक्त स्थल का अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन, उप महाप्रबंधक एस चटर्जी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एचआर गोन्दे, राजेंद्र मृणाल राय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तपन दास, राजस्व निरीक्षक डीएस साहू, उप निरीक्षक सुनील जैन द्वारा अवलोकन किया गया।

## क्रिकेट प्रशिक्षण की गूंज दिल्ली तक

# युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी प्रशिक्षण कार्यक्रम की बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

देश के अति संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले मावोवादी अंचल सुकमा का नाम राष्ट्रीय पटल पर बार-बार इस बात के लिए कई दशकों से सुनाई देते रहा है कि यहाँ मावोवादी घटनाओं में कितनी हत्यायें हुई या कितने ब्लास्ट हुए पर इस बार जिस बात को लेकर दिल्ली तक गूँज सुनाई दे रही है वह एक माह तक चलने वाले युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट प्रशिक्षण को लेकर है।युवा कांग्रेस के अत्यंत ही जुझारू नेता दुर्गेश राय इसके प्रणेता हैं जो युवा जागृति क्लब के बैनर पर छत्तीसगढ़ में पहली बार वृहद स्तर पर सुकमा अंचल के युवाओं को ये मौका दिला रहे हैं। इस प्रशिक्षण की सबसे खास बात ये की देश के प्रख्यात आई पी



एल खिलाड़ी आशीष पाल( नाईट राईसड) और गुड्डू जग्गी खुद सुकमा में इसका प्रशिक्षण दे रहे हैं।

जिला मुख्यालय में चल रहे क्रिकेट के इस प्रशिक्षण को लेकर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास ने आज स्वयं फोन कर दुर्गेश राय को इस अभिनव पहल की प्रशंसा कर शुभकामनाएं दी और कहा,यह सराहनीय कार्य है इस तरह के आयोजनों से युवाओं को एक नया प्लेटफार्म मिलता है और अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है इस तरह देश के किसी सुदुर जिला में कोचिंग देना संभव नही होता है। बावजूद आपने वो कर दिखाया है और बच्चों की लगन देख के लग रहा है कि वे कई वर्षो से खेलते आ रहे हैं।निश्चित तौर पर दुर्गेश और युवा कांग्रेस का यह प्रयास क्षेत्र में नए प्रतिभाओं को ढूंढ निकालने मदद करेगी।

### मंत्री कवासी लखमा की पहल काम आई

क्षेत्रीय विधायक व शासन में केबीनेट मंत्री कवासी लखमा की खेल भावना को लेकर सदा से अभिरुचि रही है और वे इस बात को लेकर हमेशा प्रयासरत रहे हैं कि सुकमा अंचल के युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें। दुर्गेश राय ने मंत्री जी की इस भावना को देख इस भावना को जीवंत करने इस प्रयास में लग गए कि क्रिकेट के क्षेत्र में इस अंचल के युवाओं को आगे लाना है और यह तभी सम्भव है जब अच्छे व नामी कोच या क्रिकेटर के द्वारा इसका प्रशिक्षण हो और दुर्गेश राय अपने प्रयास में सफल साबित हुए और बता दिया कि वे सुकमा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में देश के प्रख्यात आई पी एल खिलाड़ी आशीष पाल(नाईट राईसड) और गुड्डू जग्गी जैसे बड़ी हस्तियों को लाने की हुनर रखते हैं।

### नक्सल इलाको में बच्चे हुए शामिल

सुकमा के इस प्रशिक्षण में 250 बच्चे सम्मिलित हुए हैं जिनके रहने खाने की पूरी व्यवस्था क्लब के युवा कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है। इसके पूर्व इस प्रशिक्षण स्थल में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढी भी प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से रूबरू हो चुके हैं और हर संभव मदद करने की बात कही है। उन्होंने कहा था सुकमा जैसे घनघोर जंगल इलाके में टैलेंट की कमी नहीं है। पूरे प्रशिक्षण के सूत्रधार युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दुर्गेश रायने बताया कि इस क्रिकेट प्रशिक्षण में जिले के ढाई सौ बच्चे भाग ले रहे है। जिनको क्रिकेट की बारीकियां दिखाई जा रही है।कोरोना से डरे सहमे परिवार बच्चों को खेल के माध्यम से उभारने का काम हम कर रहे हैं। आज बच्चा कोरोना में मोबाइल टीवी से जुड़ा हुआ था। जब से किकेट कोचिंग चालू हुई है तब से बच्चे सुबह 5.30 से 10 बजे तक ग्राउंड में फिजिकल क्रिकेट प्रेक्टिस के माध्यम से व्यस्त हैं। दोपहर के बाद 3 बजे से 6 बजे तक नेट में प्रेक्टिस ,फील्डिंग, केचिस, कराया जाता है।शाम 6 से 7 बजे तक जुमा डांस के माध्यम से व्यायाम कराया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा,खिलाड़ियों के वे साथ हैं जल्द से जल्द अन्य पूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। समापन दिवस के दिन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने की संभावना है।

## गौठानों के लिए इक्ट्ठा किया जा रहा है बेलर मशीन से तैयार पैरा बेल

**कांकेर।** किसानों के खेत में बेलर मशीन द्वारा पैरा इक्टठा करने के लिए कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदर्शन किया जा रहा है, बेलर मशील के प्रदर्शन द्वारा अब तक जिले में 02 हजार 542 नग बेल तैयार किये गये हैं। प्रदर्शन से इक्टठा किये गये पैरा बेल को नजदीक के गौठानों में गौठान समिति द्वारा परिवहन कर पशुओं के चारा में उपयोग के किये जाने हेतु गौठान समिति एवं ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम-लखनपुरी में लोचन नेताम, मोहम्मद इस्माईल, चांवड़ी में टुकूराम भेडिया, गोपी नायक, महेन्द्र नायक, सराधु नवागांव में कृष्णा गोटी, भेजवती तारम, गनेशा बाई, कचरू नेताम, तेलगरा में विजय मण्डावी, सारवण्डी में रेवा राम, नीरज नाग, नारद, नूतन, सुनिता बाई, पुर्षोश्रम नाग, बिहावापारा (भर्रीपारा) में कवलसिंग सोरी आदि के खेतों में बेलर मशीन का प्रदर्शन किया गया।

# बालौदाबाजार बना पीएससी का नया परीक्षा केंद्र, प्रतियोगी छात्रों में उत्साह

## जिला प्रशासन कर रहा है निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







कलेक्टर सुनील कुमार जैन के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी राज्य सेवा परीक्षा 2020 के नया नोटिफिकेशन में बलौदाबाजार को प्रदेश का 17 वां नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिससे जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें हजारों युवाओं को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही नया परीक्षा केंद्र बनाने पर युवाओं को एक नया उत्साह मिला है। गौरतलब है की छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा दिलाने के लिए जिले के छात्रों को रायपुर या बिलासपुर शहरों में जाना पड़ता था जिससे समय मे परीक्षा केंद्रों में पहुँचना एक बड़ी चुनौती बना रहता था। इन समस्याओं को देखते हुए विगत कई महीनों पहले से जिला ग्रंथालय बालौदाबाजार में सीजीपीएससी के तैयारी कर रहें छात्रों के समूह ने लगातार परीक्षा केंद्र बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर एवं सचिव सीजीपीएससी को भी क्रमबद्ध ज्ञापन सौपे गये थे। अक्टूबर माह में जिला ग्रंथालय एवं शासकीय महाविद्यालय लवन के सँयुक्त आन लाईन कैरियर गाईड लाईन कार्यक्रम में शामिल जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने कहा था की बलौदाबाजार नया परीक्षा केंद्र बने इसके लिए मैं खुद शासन से एवं सचिव सीजीपीएससी से फोन कर जरूरी कार्रवाई करनें की बात कही गयी थी। जिसके परिणाम आज हम सब को प्राप्त हुए है। छात्रों के प्रतिनिधि मंडल में शामिल एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें बलौदाबाजार ग्रंथालय के छात्र ग्राम जामडीह निवासी गजेंद्र वर्मा ने बताया की विगत सात आठ महीनों से हमारे द्वारा लगातार परीक्षा केंद्र बनाने की माँग की जा रही थी। परीक्षा केंद्र बनने से निश्चित ही अब रायपुर अथवा बिलासपुर जाने की जरूरत नही पड़ेगा ना ही अब आर्थिक खर्च अलग से उठाना पड़ेगा। नया परीक्षा केंद्र बनाने पर उन्होंने राज्य सरकार एवं कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है। उसी तरह प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क तैयारियां करा रहें शासकीय महाविद्यालय लवन के सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा ने कहा यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। 12 नये जिला बनने के बाद केवल बालौदाबाजार को नया परीक्षा केंद्र के रूप में लिया गया है। इससे जिले के दूरस्थ अंचल में निवास छात्रों को बड़ी राहत मिला है।

### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं तैयारियों में लगें छात्र

जिला प्रशासन कर रहा है निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने की तैयारी कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा बलौदाबाजार को नया परीक्षा केंद्र बनाये जानें पर जिला वासियों को शुभकामनाएं दिए है। साथ ही उन्होंने परीक्षा की तैयारियों में लगें छात्रों एवं युवाओं से कहा की सीजीपीएससी 2020 का नोटिफिकेशन जारी हो गया है। अगामी 14 फरवरी 2021 को परीक्षा है।आप सभी अभी से इन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में लग जाये। आप सभी उत्कृष्ट परिमाण देकर जिले का नाम रोशन करें। आप सभी के तैयारियों को तेजी प्रदान करनें के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक नये निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने की योजना बनाई गई है। जो आने वाले दिनों में शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। साथ ही इसके लिए नगर के हृदय में स्थित रघुनाथ प्रसाद केसरवानी बुनियादी प्राथमिक शाला के भवन को चयन कर लिया गया है। कोचिंग सेंटर के आगें की कार्रवाई को लेकर कुछ दिनों में कमेटी गठित कर योजना बनाई गई है।

# शकुन्तला साहू ने किया 5 करोड़ 12 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा की लोकप्रिय विधायक सुश्री शकुंतला साहू ने जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बगबुड़ा ब्यापर्तन एवं कोसमसरा व्यपवर्तन के लिए नहर लाइनिंग कार्य की 5 करोड़ 12 लाख रु के विकास कार्यो की राशि का भूमिपूजन किये।

इस अवसर पर मुख्यातिथि सुश्री शकुन्तला साहू जी बतायी बगबुड़ा व्यापर्तन से कोसमसरा ,बम्हनी ,खरहा ,हटोद ,टेमरी एवं चकरवाय में 6 ग्रामो के 857 हेक्टेयर सिंचाई की सुविधा मिलेगी ,जिसके लिए 3 करोड़ 99 लाख रु की राशि नहर लाइनिंग के लिये स्वीकृत हुवी है। कुसमसरा ब्यापवर्तन से 3 गांव मलीडीह ,खरवे चकरवाय के 293 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी जिसके लिए 1 करोड़ 12 लाख रु की स्वीकृति मिली है ।

यह कार्य के बाद पानी के बबादी नही होगी किसानों को आसानी से पानी उपलब्ध होगी जिससे सिचाई सुविधा बढ़ेगी ,साथ ही विधायक जी ने बतायी की बॉलर जलासय से लगभग 3000 एकड़ की रबी फसल के सिंचाई के कसडोल विधानसभा के ग्रामो को इस वर्ष पानी मिलेगी ।जिससे किसानों की आय दोगुनी होगी किसान खुशाल होंगे

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति गोरे लाल साहू ,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलू साहू ,पार्षद खिलावन डहरिया ,सेवती कैवर्त ,विकास यादव ,भगवान सिंग ध्रुव ,बम्हनी सरपंच निरूपा साय ,सेमरिया सरपंच सरस्वती साहू ,खरवे सरपंच छत्तु साहू ,छांछि सरपंच कमल किशोर साहू ,टेमरी सुरेंद्र निषाद ,रामप्रसाद वर्मा ,ललिता यादव ,ईश्वर यादव ,हरि कैवर्त ,विजय साहू ,सोमू ,राजू ,भागवत साहू ,छेदी साहू ,एवं आस पास के ग्राम पंचायत के अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आनलॉईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ करने के लिए तिथि निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित समस्त शासकीय, अर्धशासकीय महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज,आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि के संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पात्रता रखते है। उन्हे शिक्षा सत्र 2020-21 हेतु आनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन प्रस्ताव स्वीकृति वितरण की कार्यवाही डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एमपीएससी डॉट एमपी. एनआईसी.डॉट इन /सीजीपीएमएस वेबसाईट पर आनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए तिथि निर्धारित किया गया है।

विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) 30 दिसम्बर 2020 तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 30 नवम्बर से 15 जनवरी 2021तक, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 30 नवम्बर से 15 जनवरी 2021तक तथा संस्थाओं द्वारा केवाईसी जमा करने हेतु 30 जनवरी 2021तक का है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2020-21 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। एवं डॉफ्ट प्रपोजल लॉक अथवा सैंक्शन आर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नही किया जाएगा।

निर्धारित तिथि पर कार्यवाही पूर्ण नही करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। साथ ही आधार नंबर को बैंक एंकाउट में जोडना अनिवार्य है।

# श्रमिक यूनियन एटक ने केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एटक, सीटू, इंटक, एचएमएस के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल का किया समर्थन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार सीमेंट एवं श्रमिक यूनियन एटक द्वारा केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एटक, सीटू, इंटक, एच.एम.एस. आदि के आह्वान पर 26 नवम्बर 2020 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में शाम 5.30 बजे अम्बुजा गेट में नाराबाजी एवं प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व सचिव पी.धर्मा राजू, सुरेश वैष्णव आदि ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात श्रमिकों के एक विशाल रैली हड़ताल के पक्ष में समर्थन करते हुए यूनियन कार्यालय के प्रांगण में आमसभा के रूप में परिवर्तित हुआ। आमसभा को संबोधित करते हुए यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष राजूलाल श्रेष्ठ ने हड़ताल के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि केन्द्र सरका द्वारा अलोकतांत्रिक ढंग से बहुराष्ट्रीय कम्पनी तथा कार्पोरेट हाउस के दबाव में आकर 44 श्रम कानूनों को बदलकर 4 कानून बनाये गये हैं जो श्रमिक विरोधी है। जैसे 8 घण्टे के कार्य को 12 घण्टे में परिवर्तित करना तथा छंअनी के अधिकार मालिकों को देना, महिलाओं को रात्रि पाली में कार्य लेना, यूनियन के पंजीयन मं अवरोध पैदा कराना तथा मजदूरों के हड़ताल के मौलिक अधिकार को संकुचित तथा जटिल करना आदि श्रमिक विरोधी नीति के विरूद्ध यह हड़ताल है।

उन्होंने आगे बताया बढ़ती हुई कमर तोड़ महंगाई सार्जनिक उद्योग का निजीकरण तथा उसे औने-पौने भाव में बेचने की नीति तथा बढ़ी हुई बेरोजगारी तथा किसान विरोधी किसान बिल आदि हड़ताल का प्रमुख कारण है। सभा की अध्यक्षता स्थानीय सचिव पी.धर्मा राजू ने की तथा स्थानीय श्रमिकों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए प्रबंधन की आलोचना करते हुए कहा प्रबंधन कोरोना की आड़ में ठेका श्रमिकों को काम से वंचित कर 26 दिन के स्थान पर 15 से 20 दिन दे रहा है जो उनके साथ अन्याय है। इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी है। उन्होंने श्रमिकों को अहवान करते हुए कहा कि हक सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला अभिभाषक संघ द्वारा 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' के समर्थन एवं छत्तीसगढ़ राज्य में लागू किये जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौपा गया ।

जिला न्यायालय के सामने मेन रोड में आयोजित धरना प्रदर्शन को अधिवक्ता गणों द्वारा संबोधित करते हुए बताया कि आज के परिदृश्य में यह आवश्यक हो गया है कीअधिवक्ता के विधिक कार्यो के संपादन के दौरान घटित अप्रिय घटनाओं को रोका जावे एवं अधिवक्ता को कानून के माध्यम से संरक्षित किया जाए इसी तारतम्य देश, राज्य एवं जिला बलौदाबाजार के समस्त अधिवक्ता के हितों के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को राज्य में लागू किया जावे ।धरना प्रदर्शन के पश्चात संघ द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुँच कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया ।

उक्त अवसर पर संघ के अध्यक्ष शारिक खान ,उपाध्यक्ष द्वय नंदिनी वर्मा ,हरीश पटेल ,सचिव गणेश शंकर साहू ,सहसचिव रमेश पटेल, कोषाध्यक्ष ठाकुर सिंह ध्रव, कार्यकारणी सदस्य आलोक अग्रवाल ,शारदा सोनी ,राजेन्द्र पटेल सहित समस्त अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# चाइल्ड लाइन 1098 की टीम ने रोका बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



जिले के सिमगा थाना के अंतर्गत ग्राम बनसंकरा के एक नाबालिक लड़की की शादी उसके परिवार द्वारा कराये जा रहे थे। जिसकी गुप्त सूचना 1098 चाईल्ड लाइन को प्राप्त हुआ। चाईल्ड लाइन 1098 बालौदाबाजार की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर उक्त शादी को रोकवाया गया। विवाह स्थल पर ग्राम बेमेतरा कातलबोर्ड से बारात आया था। दोनों परिवारों को समझाईश देतें हुए वधु पक्ष को विशेष समझाईश दी गई। जिस पर उनके द्वारा सहर्ष ही बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किए जाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की तथा विवाह स्थगित करने की बात कही।

अधिकारियों द्वारा समझाईश दिए जाने पर उन्होंने उक्त बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद ही किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। बालिका व परिजनों को बालक कल्याण समिति, बलौदाबाजार में समझाईश हेतु अलग से बुलाया गया है। साथ ही उन्हें बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया की 18 वर्ष से कम आयु की बालिका व 21 वर्ष से कम आयु का बालक का विवाह करना या करवाना अपराध है। जो भी व्यक्ति ऐसा करता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 2 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो की 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## मीरा देवी सोनी का निधन



**बलौदाबाजार** । नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी शंकर लाल सोनी की धर्मपत्नी मीरा देवी सोनी का आकस्मिक निधन हो गया है जिन का अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया नगर के प्रतिष्ठित नागरिक बंधु एवं समाज के लोग अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए वे संजय सविता दीपाली की माता थी।

## कोरोना के 68 नये मरीज़ों की पुष्टि, आंकड़ा 7 हज़ार पार

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना के 68 नए मरीज़ों की पहचान की गई है। इसमें बलौदाबाजार वकासखण्ड से 19, भाटापारा से 9, बिलाईगढ़ से 14, कसडोल से 5, पलारी से 8 और सिमगा से 13 पॉजिटिव मामले शामिल हैं।

## स्टेडियम व महाविद्यालय परिसर को अधोसंचना विकास मद से बेहतर ढंग से विकसित करने प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश

# कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने स्टेडियम और क्रीडा परिसर का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगर को जिला मुख्यालय के अनुरूप विकसित किया जायेगा। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने नगर के महाविद्यालय परिसर से लगे आउट डोर और इन डोर स्टेडियम तथा आदिवासी बालक क्रीडा परिसर और जिला ग्रंथालय और खेल ग्राउंड का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने राजस्व, पीडब्ल्यूडी और खेल विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम व महाविद्यालय परिसर को अधोसंचना विकास मद से बेहतर ढंग से विकसित करने प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टेडियम व कॉलेज परिसर के सामने अतिक्रमण व ठेले आदि को हटाने तथा कॉलेज परिसर अंतर्गत अनुपयोगी भवनों को डिस्मेंटल कराने और जिला परिवहन कार्यालय को कलेक्टोरेट में शिफ्ट कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इनडोर स्टेडियम के लिए क्लब गठित कर स्टेडियम के रख-रखाव हेतु सदस्यों के लिए शुल्क निर्धारित करने खेल अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने क्रीडा परिसर ग्राउंड को सुरक्षित रखने बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नवनिर्मित जिला ग्रंथालय का भी अवलोकन किया और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन भी किया। मौके पर उपस्थित बीएलओ ने बताया कि अभी तक त्रुटि सुधार हेतु कोई भी मतदाता केन्द्र में नहीं पहुंचे। कलेक्टर ने तहसीलदार राकेश साहू को मतदाता सूचि पुनरीक्षण कार्य का नगर में मुनादी कराकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, के लिए शिक्षा सत्र 2020-21 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पर आनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी अनुसार विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने निर्धारित तिथि के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण के लिए आनलाईन आवेदन 30 दिसम्बर 2020 तक किया जा सकता है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2020 से 15 जनवरी 2021 तक, सेंक्शंन आर्डर लॉक करने की तिथि 30 नवम्बर 2020 से 15 जनवरी 2021 और केवायसी जमा करने हेतु अंतिम तिथि 30 जनवरी 2021 तक निर्धारित किया गया है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त ओवदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही न कर पाने की स्थिति में सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था प्रमुखों की होगी।

### जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति गठित

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के सीधे नियंत्रण में जाति प्रमाण पत्रो के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति गठित की है। कलेक्टर के आदेशानुसार उक्त समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर जेआर चौरसिया होंगे। डिप्टी कलेक्टर ऋषा ठाकुर, उप संचालक योजना एवं सांख्यिकी एसके बंजारे जिला परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन श्याम कुमार चन्द्राकर तथा उप पुलिस अधीक्षक आदिम जाति कल्याण थाना जिला गरियाबंद समिति के सदस्य बनाये गये हैं।

## क्विक न्यूज

### घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाकर हुए फरार

**रायगढ़।** जूटमिल चौकी क्षेत्र से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित केनापाली में असामाजिक तत्वों द्वारा घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट कार में आग लगा दिए जाने का मामला सामने आया है। कार मालिक की शिकायत पर जूटमिल चौकी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही है। पूरी घटना बीते 23 नवंबर की रात 2.30 बजे की है। जब पेसे से एक उच्च वर्ग के शिक्षक लोकनाथ कैवर्त ने अपनी स्विफ्ट कार को प्रतिदिन की भांति घर के बाहर रखा था। तभी रात लगभग 2.30 बजे बाहर कुछ फटने का आवाज सुनाई देने पर निकल कर देखा गया। तब कार के बोनट में आग जल रही थी। कार के बोनट के ऊपर बदमाश ने ट्रैक्टर के ट्यूब को जलाकर फरार हो गया था। कुछ फटने की आवाज सुनकर घर से बाहर निकले कार मालिक के परिवार ने किसी तरह कार में जल रहे आग में पानी डालकर काबू पाया।

# कलेक्टर ने आर रणजीता स्टेडियम, धान खरीदी केन्द्र, गौठान का निरीक्षण किया

- धान खरीदी केन्द्रों में फ्लैक्स-बैनर पोस्टर के साथ अन्य तैयारी पूर्ण करने के दिए निर्देश
- धान खरीदी केन्द्रों में किसान धान बेचने के दौरान मास्क लगाकर ही प्रवेश करेंगे और सोशल डिस्टेंश पालन करेंगे

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने आज रणजीता स्टेडियम, पुरातत्व संग्राहलय, जंगल बाजार, गम्हरिया धान खरीदी केन्द्र, गम्हरिया गौठान, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, विकासखंड मनोरा के ग्राम पंचायत चड़िया गौठान, जशपुर विकासखंड के झरगांव के गौठान का निरीक्षण करके गौधन न्याय योजना और निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए है। साथ ही गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका से जो?ने के लिए कहा है और अन्य गतिविधियों संचालित करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रणजीता स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग-रोगन करने के लिए भी कहा है और धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि 01 दिसम्बर से धानखरीदी प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए बैनर, केन्द्रों की साफ-सफाई और किसानों का धान खरीदी के लिए टोकन काटने के लिए भी कहा है। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी के दौरान धान बेचने वाले किसानों को मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंश का अनिवार्य रूप से पालन करवाएं और दूरी बनाकर ही धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदने के लिए कहा गया है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर आईएल.ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उनैजा खातुन अंसारी, खाद्य अधिकारी जी.एस.कंवर, पुलिस विभाग, जिला पंचायत, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग एव अन्य विभाग के अधिकरीगण उपस्थित थे।

### मास्क नहीं लगाने वालों पर 200 का चालान काटने के दिए निर्देश

कलेक्टर महादेव कावरे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाजारों में बिना मास्क के घूमने और सोशल डिस्टेंश का पालन नहीं करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि कोरोना के सं मण की सुरक्षा को देखते हुए सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को मास्क नहीं लगाने वालों पर 200 रुपए का चालान काटने के निर्देश दिए है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में डॉ सेतराम पैंकरा, खंड चिकित्सा अधिकारी, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा एवं डॉ धनसिंह पैंकरा, खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार के द्वारा पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया गया। लक्ष्मीकांत गुप्ता, उप स्वास्थ्य केंद्र बहिरकेला के द्वारा हितग्राही को प्रेरित कर ऑपरेशन के लिए लाया गया था। पुरूष नसबंदी उपरांत हितग्राही को विनोद एक्का, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, घनश्याम प्रधान, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अजय कुमार यादव, विकासखंड लेखा प्रबंधक व अन्य अधिकारी /कर्मचारियों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही हितग्राही से अन्य व्यक्तियों को पुरुष नसबंदी ऑपरेशन का अनुभव साझा कर नसबंदी कराने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया।

## युवती से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार को युवती ने रोहित राठिया पिता गम्मत राठिया उम्र 20 वर्ष निवासी धरमजयगढ़ के विरूद्ध लिखित आवेदन देकर छेड़छाड़, गाली गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने बताया कि सुबह अपनी मां व बहन के साथ खेत गई थी। जहां खेत में कुछ दूरी पर मां और बहन काम कर निकाल रहे थे। रोहित खेत में आकर अकेली देखकर हाथ, बांह को पकड़कर छेड़खानी करने लगा। तभी मां और बहन आकर रोहित से हाथ छुड़ाए तो रोहित सभी को गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। छेड़खानी, गाली गलौच की रिपोर्ट पर थाना धर्मजयगढ़ में धारा 294, 506,354, 354-क पंजीबद्ध कर आरोपी रोहित को धरमजयगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## कोरोना की दहशत, कैदियों के परिजनों ने पैरोल बढ़ाने उठाई आवाज

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

देश के अलग अलग राज्यों की सरकार ने कोरोना के मद्देनजर कैदियों की पैरोल की अवधि को बढ़ा दिया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अगले महीने कैदियों को जेल में बुलाए जाने से अब मामला तूल पकड़ रहा है। बिलासपुर सेंट्रल जेल से पैरोल पर जेल से छूटे सजायाफ्ता कैदियों के परिजन कटघोरा उप जेल में कोरोना विस्फोट होने के बाद भयभीत हैं। उड़ीसा, मध्यप्रदेश, पंजाब-हरियाणा समेत कई राज्य में सजायाफ्ता कैदियों के पैरोल की अवधि बढ़ा दी है। वही छतीसगढ़ राज्य में इस ओर कोई कदम उठता न देख पैरोल की बढ़ाने अब परिजनों ने मोर्चा खोल दिया है। कैदियों के परिजनों का कहना है कि जेल एक सुधार घर है, जहां कैदी अपने गुनाहों की सजा काटता है न कि महामारी के इस दौर में जेल के भीतर मरने को जाएगा। सेंट्रल जेल में वैसे भी क्षमता से अधिक कैदी है।

शनिवार को कटघोरा उप जेल में एक साथ करीब 98 कैदियों के कोरोना की जद में आने के बाद सेंट्रल जेल के कैदी और उनके परिजनों को चिंता सताने लगी है। हालांकि पैरोल की अवधि बढ़ाने को लेकर सजायाफ्ता कैदियों के एक पक्ष ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है, मगर अब तक मामले की सुनवाई नहीं हुई है।

सेंट्रल जेल में क्षमता से दो गुना कैदियों की भरमार है। कोरोना को लेकर बनाई गई गाइडलाइन का पालन जेल के भीतर होने की कोई उम्मीद कैदी और उनके परिजनों को नजर नही आ रही है। नाम नही छापने की शर्त पर कैदियों ने बताया कि जेल के भीतर की हालत बेहद चिंताजनक है। एक कैदी दूसरे कैदी से मुंह जोड़ के सोता है। ऐसे में क्या खाक सोशल डिस्टेसिंग का पालन होगा।

### प्रशासन के आदेश का पालन किया जाएगा- जेल अधीक्षक

इस बारे में सेंट्रल जेल के अधीक्षक एस के मिश्रा ने बताया कि पैरोल की तिथि बढ़ाने को लेकर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। अभी कुछ कहना ठीक नही होगा जैसे ही कोई नया आदेश आएगा उसका पालन किया जाएगा।

## डॉ अंजान सिंह चौहान ने मानवता का परिचय दिया

- 70वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की देखरेख एवं उचित इलाज में दिया उत्कृष्ट योगदान

पायनियर संवाददाता < डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



कहते हैं कि धरती पर चिकित्सक को भगवान को दूसरा रूप में माने जाते हैं, जो रोगी को मौत के मुंह से बाहर निकालने में पूरी ताकत झोंक देते हैं, शायद इसीलिए चिकित्सक धरती पर भगवान के दूसरे रूप में सर्वश्रेष्ठ उपाधि से सम्मान के पात्र होते हैं।और आज के आधुनिक समय मे तमाम चिकित्सक अपनी कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते आ रहे हैं, जिसके चलते चिकित्सक को अन्य से अलग बनाता है।ऐसा ही एक मामला विगत दिनों प्रकाश में आया रहा जंहा एक 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति जो अपनी भूख मिटाने के लिए यंहा वहां भीख मांगकर जीवन यापन करते आ रहे थे, जिन पर सोनाखान के पूरी स्वास्थ्य टीम का नजर पड़ते ही मानवता एवं जागरूकता का परिचय देते हुए जांच कर कोविड़ केयर केंद्र कसडोल भेजे ,प्राथमिक चेकअप पश्चात उस मरीज को गंभीर अवस्था मे उचित इलाज हेतु बलौदाबाजार रिफर किये गए, वहां कुछ दिन इलाज पश्चात वापस कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने पर बी एम ओ डॉ सी. एस. पैकरा के मार्गदर्शन मे संवेदनशील ख्याति प्राप्त चिकित्सा अधिकारी डॉ ए. एस. चौहान और कोविड़ की टीम ने 12 दिन तक रखकर उनका इलाज किया उन्हे स्टाफ के द्वारा हाथ से खाना खिलाया जाता था,जो वाकई में काबिले तारीफ काम रहा, चिकित्सक एवं उनके टीम ने सचमुच मानवता का परिचय देते हुए पूरे टीम द्वारा लगातार निगरानी मे रखकर उचित इलाज किया गया।

## जिले के धान उपार्जन केन्द्रों हेतु केन्द्र प्रभारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु धान उपार्जन केन्द्रों के सतत निगरानी हेतु उपार्जन केन्द्रवार केन्द्र प्रभारी की नियुक्ति की है। कलेक्टर के निर्देशानुसार केन्द्र प्रभारी संबंधित धान उपार्जन केन्द्र में चेक लिस्ट अनुसार समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। नियमित रूप से उपार्जन केन्द्र में उपस्थित रहकर धान की गुणवत्ता, किसान को आवक पंजी अनुसार बारदाना प्रदाय एवं उसी क्रम में उपार्जन करना, मिलर्स, पीडीएस एवं नये बारदाने हेतु पृथक-पृथक धान की किस्मवार स्टैकिंग, डेनेज पर धान का संग्रहण एवं धान का परिवहन संबंधित समस्त कार्य का निष्पादन नियमानुसार कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। साथ ही सप्ताहिक जांच प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा को प्रति सोमवार प्रस्तुत करेंगे। धान उपार्जन केन्द्र गरियाबंद हेतु वरिष्ठ उवि अधिकारी जेएस ध्रुव , नागाबुड़ा हेतु ग्राकृवि अधिकारी मनोहर रात्रे, बिन्द्रानवागढ़ हेतु ग्राकृवि अधिकारी तरूण कुमार कश्यप, धवलपुर हेतु ग्राकृवि अधिकारी डिपेश साहू, कोचवाय हेतु ग्राकृवि अधिकारी महेश पटोदी, परसुली हेतु ग्राकृवि अधिकारी डिगेन्द्र कुमार सोन्टापर, मदनपुर हेतु ग्राकृवि अधिकारी किशन कुमार कश्यप, पीपरछेड़ी हेतु ग्राकृवि अधिकारी डिलेश्वर मार्गे आदि।

### निधन

### मिहिर कुमार सिन्हा



**रायपुर।** मिहिर कुमार सिन्हा ( सेवानिर्वित कैंप ऑफिसर, माना कैंप) , 78 वर्ष, देवपुरी , रायपुर निवासी का निधन आज 29/11/20 को सुबह 10 बजे हो गया है । ये कंचन कुमार सिन्हा एयवाम मीता सरकार के पिता थे । अन्तिम यात्रा निवास स्थान से मड़वारी समसान घाट को दोपहर 2 बजे निकली जावेगी।

### बिना मास्क घूम रही युवतियों को दी गई सख्त हिदायत

**रायगढ़।** महिला रक्षा टीम प्रभारी प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा व रक्षा टीम स्टाफ ने कल कोतरा रोड तथा चक्रधरनगर के रोज गार्डन, शहीद चौंक, मरिन ड्राइव में पेट्रोलिंग दौरान तीन सवारी बाइक में घूम रहे नाबालिग बालकों की जमकर क्लास लिया गया।

### सड़कों ने बदल दी गांवों की तस्वीर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जो बदल रही है, ग्रामीण भारत की तस्वीर

**अकलतरा।** सड़कों ने बदल दी गांवों की तस्वीर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जो बदल रही है,ग्रामीण भारत की तस्वीर एक जमाना हुआ करता था,जब लोगो को एक छोर से दूसरे छोर तक जाने के लिए कड़ी कठिनाईओ का सामना करना पड़ता था, वही अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांवों की तस्वीर ही बदल दिया है। जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम सीमावर्ती ग्राम पंचायत तेंदुभाटा में एक जमाना हुआ करता था,जब गांव के लिए कभी पक्की सड़कें सपना बनकर रहता था, लेकिन अब सपना हकीकत बना है. कभी गांव की किस्मत में टूटी-फूटी कच्ची सड़कें थीं, आज यहां पक्की सड़के हैं. ये बड़ा बदलाव संभव हो पाया है प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की बदौलत.प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से दूर-दराज़ के इलाके भी सड़क नेटवर्क के तहत आ गए हैं. योजना की प्रगति और ग्रामीण इलाकों में संपर्क की अहमियत को देखते हुए योजना को 2022 तक पूरा करने के लक्ष्य को अब 2020 तक कर दिया गया है.सड़कों से गांवों की बदलती तस्वीर शहरों को गांवों से जोड़ रही है. खुशहाली के नए रास्ते खोल रही है।

## योगेश को मिला भरपूर समर्थन, कहा- बने 'व्यापारी संरक्षण कानून'

पायनियर संवाददाता < सराईपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव के लिए व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी योगेश अग्रवाल ने पैनल पदाधिकारीयों के साथ सराईपाली पहुँचे जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। सराईपाली के सभी कारोबारी ने व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशी योगेश अग्रवाल और पैनल को पूर्ण समर्थन का ऐलान किया, कार्यक्रम को अमरदास खट्टर, निकेश बर?िया, राजेश वासवानी, संजय चौधरी, मदन अग्रवाल, अमर बग्गा, त्रिलोचन पटेल, घासीराम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अरविंद जैन, सेवाशंकर अग्रवाल, हरिराम अग्रवाल, विलास अग्रवाल, ओम अग्रवाल एवम मुकेश अग्रवाल ने संबोधित किया, सराईपाली के श्री ओमप्रकाश अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि सराईपाली के सभी सदस्यों की आस्था एवम विश्वास चेम्बर चुनाव में ब्यापारी एकता पैनल के लिए थी,है,एवम रहेगी,सराईपाली से जीत के लिए आश्वस्त किया,सराईपाली से शतप्रतिशत समर्थन व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशीयों को पूर्ण समर्थन हेतु वादा किया। चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने भी ब्यापारी एकता पैनल को पूर्ण समर्थन की बात कही,एवम रेल लाइन,जी एस टी,एवम अन्य ब्यापारी समस्या के निवारण के लिए किए गए कार्यो की बात कही, अमर बग्गा भी ने अपने उद्बोधन में एकता पैनल की समर्थन की बात कही एवम पच्चीस वर्ष पूर्व योगेश भेया द्वारा किये गए सहयोग की बात याद दिलाकर पूर्ण समर्थन की बात कही। अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष एवम किराना ब्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल जी ने भी योगेश भैया एवम एकता पैनल की समर्थन की बात कही,पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल ने योगेश भैया को पूर्ण समर्थन की बात कही,अंत मे चेम्बर ऑफ कामर्स के नगर इकाई अध्यक्ष सेवाशंकर अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स रायपुर एवम सराईपाली का नाता बहुत पुराना है,आज से पच्चीस वर्ष पूर्व जब नगरपालिका सराईपाली द्वारा निर्यात कर लगाया गया था।

## विधायक ने मातर कार्यक्रम में शिरकत कर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किये

पायनियर संवाददाता < डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com




शकुन्तला साहू विधायक कसडोल एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने ग्राम पंचायत भवानीपुर में मातर उत्सव स्थल पर सामुदायिक भवन की लोकार्पण किये। ग्राम भवानीपुर में 5 लाख रु की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुवी बतायी की मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिए जो कसडोल विधानसभा के अंतर्गत 19 नवीन सोसायटी के निर्माण की साथ ही 6 धान खरीदी केंद्र खोले है । छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार किसानों की सरकार है जेन कहने तेन करेंन किसानों के सभी वादा पूरी की है ,साथ ही गांवो के धारसा पहुँच मार्ग के लिए धारसा सुगम पहुँच के लिए योजना बनी है जिससे गांव के लोगो को सुगम मार्ग का लाभ मिलेगा ,साथ ही ग्राम भवानीपुर लिए मुक्ति धाम ,जुनवानी के लिए भी मुक्तिधाम , स्कूल किचन सेड के लिए 1 लाख रु भवानीपुर में चेक डेम की घोषणा की ,यादव नाच पार्टी के लिए 3 हजार रु ,कीर्तन मंडली के लिए 3 हजार रु जनसंपर्क राशि देने की घोषणा की।

इस अवसर पर जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ,जनपद उपाध्यक्ष मनोज आडिल ,महामंत्री बिशेसर वर्मा ,वरिष्ठ नेता सुकालू राम यदु ,सुनील कुर्रे ,वरिष्ठ नेता बाबू खान ,शुशील शर्मा ,रिकू वर्मा ,सुनील साहू ,जनपद सदस्य कुसुमलता ध्रुव ,सरपंच भवानीपुर सरपंच नारायण निषाद ,उपसरपंच प्रेमलाल ,बिजरा डीह सरपंच प्रतिनिधि स्वरुप घृतलहरे , आस मती ,एवं आसपास के ग्रामों के पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आठ गांवों के किसानों को मिली राहत, गुजरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ

# धान बेचने के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा 25 किलो दूर

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को हर संभव सहुलियतें देने की कोशिश की जा रही हैं। किसानों को उनके द्वारा उत्पादित धान उनके निवास या गांव के आस-पास ही बेचने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में लगभग 260 नये धान खरीदी केन्द्र इस खरीफ विपणन वर्ष में बनाए गए हैं। इसी कड़ी में आदिवासी अंचल गुजरा के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अब 25 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। गुजरा धान खरीदी केंद्र का लाभ आठ गांवों के किसानों को मिलेगा। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जनक ध्रुव और कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने शुक्रवार को गुजरा में नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया।

गरियाबंद जिले के आदिवासी अंचल गुजरा क्षेत्र के किसान अब खुश हैं कि उन्हे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के लिए 22 से 25 किलोमीटर दूर धान खरीदी केन्द्र जाने से निजात मिल गयी। अब इस क्षेत्र के आठ ग्रामों के करीब 506 किसानों को नवीन धान खरीदी केन्द्र गुजरा में धान विक्रय करने की सुविधा होगी। यह सब राज्य शासन द्वारा जिले के दूरस्थ इलाके के किसानों की सुविधा के मद्देनजर गुजरा में समर्थन मूल्य पर नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की स्वीकृति दिये जाने से संभव हुआ है।

अपने गांव में धान खरीदी केन्द्र खुलने से खुशी व्यक्त करते हुए किसान बताते हैं कि धान मिंजाई के पश्चात धान विक्रय करने के लिये 25 किलोमीटर दूरनागाबूड़ा जाकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करने से असुविधा का सामना करना पड़ता था। अब गांव में ही धान खरीदी केन्द्र खुलने से यह दिक्कत दूर होगी। किसानों ने बताया कि समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए उन्हें 22 से 25 किलोमीटर दूर नागाबूड़ा खरीद केंद्र जाना पड़ता था। अब गुजरा में खरीद केंद्र खुलने से कोड़ोहरदी, भैंसामुड़ा, गरभनतोरा, भैंसातरा, चिखली, हाथबाय और परसुली के किसानों को सुविधा मिलेगी।

खरीद केंद्र का शुभारंभ शुक्रवार को आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जनक ध्रुव और कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भाव सिंह साहू ने किया। इस दौरान सेवक राम पुजारी, अमित मिरी, पुन्नू लाल कुटारे, हेमलाल ध्रुव, हेमलाल सिन्हा, चंद्रभूषण, मनटोरा बाई, कमला बाई नेताम, सरपंच जालम सिंह दीवान, अनिता ध्रुव, भैय्या लाल और बिंदा बाई समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## श्याम बाबा के दरबार में पहुंचे विधायक प्रकाश नायक

- पूजा-अर्चना कर शहर की खुशहाली की कामना, श्याम मंडल के सेवा कार्यों की सराहना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के विधायक प्रकाश नायक ने संजय काम्प्लेक्स स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर श्याम प्रभु का दर्शन किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर शहर व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। विधायक ने श्याम मंडल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना काल में मंडल के पदाधिकारियों ने जिस तरह समाज के हर वर्ग व जरूरतमंदों का ख्याल रखा। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। श्याम मंडल के प्रचार मंत्री ने बताया कि इस वर्ष कोविड -19 के दिशा-निर्देशों के तहत कार्तिक शुदी एकादशी को श्याम जन्मोत्सव पर भजन संध्या सहित अन्य आयोजन नहीं हुए, लेकिन मंदिर परिसर व श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। विधायक प्रकाश नायक भी श्याम मंदिर पहुंचे और श्याम प्रभु के अलौकिक श्रृंगार को बहुत देर तक निहारते रहे। इस मौके पर श्याम मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मंदिर में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया गया। अधिकतर श्याम भक्तों ने अपने-अपने घरों में ही पूजा-अर्चना कर श्याम प्रभु का जन्मोत्सव मनाया।

# संविधान की शुचिता का संरक्षण अनिवार्य

उन लोगों की विफलता के लिए संविधान की आलोचना करके, जिन पर उसकी शुचिता बनाए रखने की जिम्मेदारी है, हम संविधान के संस्थापकों एवं इबारत दोनों के प्रति अन्याय करते हैं।

अनुराग तिवारी
(लेखक राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय विशाखापत्तनम से संबद्ध हैं।





नवंबर का महीना इतिहास में एक महत्वपूर्ण महीना रहा है। 26 नवंबर 1940 को नाज़ी जर्मनी ने वॉरसा में यहूदी समुदाय के लोगों को दीवारों में कैद करने की शुरुआत की थी। नवंबर 1941 में, जापानी प्रथम हवाई बेड़े ने, जिसे किदो बुताई के नाम से भी जाना जाता है, एक अचम्भित करने वाली सैन्य कार्रवाई में, कुरील द्वीप समूहों को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पर्ल हार्बर पर हमला करने के लिए छोड़ दिया था। नवंबर 1944 में, एक जर्मन राकेट लंदन में वूलवर्थ की दूकान पर आकर गिरा जिसमें 186 लोग मारे गए थे। साथ ही साथ, उसी दिन, एक अग्रणी नाज़ी सैनिक, हिमलर, ने आसविज-बिरकेनू श्मशान को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। विश्व की राजनीति में उथल-पुथल की सिथति थी। लोकप्रियतावादी नेता, जो नौकरशाही से पैदा हुए थे, और विस्तारवाद के उनके जुनून की गंभीर आलोचना हो रही थी और वैश्विक रूप से जवाबदेह ठहराए जा रहे थे।

भारत में, हिन्दू-मुस्लिम तनाव और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच मतभेद खतरनाक ढंग से बढ़ रहे थे। कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के बीच शिमला सम्मेलन में किए गए विफल प्रयास के बाद, यूके में लेबर पार्टी की अगुवाई में सत्तासीन सरकार द्वारा स्वतंत्र भारत का भविष्य तय करने के लिए तीन सदस्यीय समिति द्वारा कैबिनेट मिशन योजना निर्धारित की गई थी। चुकि कैबिनेट मिशन ने मुस्लिम लीग की मांगें खारिज कर दी थीं, लीग ने नाराज़ होकर कुख्यात ''प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस'' मनाने की घोषणा कर दी जिसके कारण देशभर में बड़े पैमाने पर हिंसा का तांडव मचा था।

इस अशांति के बीच, 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने एक स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक भारत के लिए औपचारिक रूप से संविधान को आत्मसात किया। कई घंटों के वाद-विवाद, चर्चाओं एवं विमर्शों के उपरांत, जो लगभग तीन वर्ष तक जारी रहे, जिसमें अपार विश्वसनीयता वाले 350 से अधिक पुरुषों व महिलाओं ने भाग लिया, संविधान को अपनाया गया था।

यह भारत के सामाजिक-राजनीतिक एवं संवैधानिक इतिहास में कोई साधारण पल नहीं था। बहुसंख्य भारतीयों के लिए, यह अतीत से अलग हटकर एक पल था। हालांकि, संस्थापकों के लिए, एक संविधान बनाने का कार्य कहीं ज्यादा संवेदनशील प्रकृति का था। उनकी दोहरी भूमिका थी। एक तरफ, उन्हें दुनिया व इबारत को पढ़ने वाली भावी पीढ़ियों के समक्ष यह सही ठहराना था कि भारत दोनों देशों में बेहतर था (दूसरा पाकिस्तान है) जिनका निर्माण विभाजन के फलस्वरूप हुआ था और दूसरी ओर, उन्हें ऐसा संविधान प्रारूपित करना था जो संस्थापकों के संघर्ष को परिलक्षित करता हो। इस दूसरी भूमिका, जिसका उल्लेख अभिनव चंद्रचूड़ ने अपनी पुस्तक, रिपब्लिक आफ रिहटोरिक, में किया है, कि इसके दो प्रतिस्पर्धी लक्ष्य थे, एक था भारत का रूपांतरण करना और दूसरा चीजों को बनाए रखना। निरंतरता और परिवर्तन दो महत्वपूर्ण पहलू थे जिन्होंने संविधान सभा के संविधान निर्माण जनादेश को तर्कसंगत रूप दिया। ग्रवेनाइल ऑस्टिन, उल्लेख करते हैं कि संविधान एक सामाजिक क्रांति लाने का प्रयास करता है और साथ ही साथ राष्ट्रीय एकता व स्थिरता को संरक्षित करने का प्रयास भी करता है।

संस्थापक निष्पक्ष रूप से आशावादी भारतीय जन थे। उन्होंने एक ऐसा संविधान बनाया जो न केवल समय से आगे था बल्कि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक सकारात्मक एवं उग्र हस्तक्षेप था। उदाहरण के लिए, इसने छुआछूत का अंत किया, किसी का भी उपाधि ग्रहण करना असंवैधानिक करार दिया और उन लोगों के लिए एक सकारात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया जिन्हें समाज द्वारा ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रखा गया था। इसने सार्वभौमिक मताधिकार सुनिश्चित किया, धर्म, जाति, श्रेणी, लिंग अथवा प्रजाति से परे देश के सभी नागरिकों के लिए समानता एवं मूल अधिकार सुनिश्चित किए।

यह सब कुछ ऐसे समय पर हुआ जब विश्व इन बदलावों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। उदाहरण के लिए, अमेरिका में, उसके दुनिया में सबसे पुराना संवैधानिक गणतंत्र होने के बावजूद, 1954 में कहीं जाकर ब्राउन बनाम बोर्ड आफ एजुकेशन वाद में, जब ''पृथक मगर समान'' उपखंड को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक करार दिया गया था। अश्वेत महिलाओं को 1965 में मतदान

संस्थापक निष्पक्ष रूप से आशावादी भारतीय जन थे। उन्होंने एक ऐसा संविधान बनाया जो न केवल समय से आगे था बल्कि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक सकारात्मक एवं उग्र हस्तक्षेप था। उदाहरण के लिए, इसने छुआछूत का अंत किया, किसी का भी उपाधि ग्रहण करना असंवैधानिक करार दिया और उन लोगों के लिए एक सकारात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया जिन्हें समाज द्वारा ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रखा गया था।

अधिकार कानून के अंतर्गत मत देने का अधिकार मिला और अश्वेतों व भूरों के लिए सकारात्मक कदम को 2003 में ग्रटर बनाम बोलिंगर वाद के अंतर्गत संवैधानिक करार दिया गया। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने 1967 में अंतर-प्रजातीय विवाहों को संवैधानिक रूप से अनुमन्य करार दिया और छात्रों को 1969 में टिंकर बनाम डेस मोइनी वाद के अंतर्गत मुक्त अभिव्यक्ति का अधिकार प्रदान किया गया। जबकि गौरवान्वित भारत ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया, शायद ही हमें पता होगा कि संविधान सभा ने सर्वाधिक समतावादी एवं आगे की ओर देखने वाला संविधान ऐसे समय पर बनाया था जिसकी कई कोनों पर आलोचना हुई थी। दो तरह की आलोचनाएं की जाती थीं जो संस्थापकों के विरुद्ध थीं, एक नैतिक और दूसरी विधिक। नैतिक आलोचना यह थी कि संविधान सभा गांधी विरोधी थी और लोकतांत्रिक नहीं थी। महात्मा गांधी ने ग्राम गणतंत्रों का नारा दिया था और कहा था कि शक्ति पंचायतों में निहित होनी चाहिए जबकि संविधान ने शीर्ष से निम्न पादान तक अत्यधिक केंद्रीयकृत शासन का दृष्टिकोण अपनाया था।

संविधान सभा को गैर-प्रतिनिधिमूलक भी बताया गया क्योंकि उसके अधिसंख्य सदस्य हिन्दू थे और कांग्रेस के सदस्य नहीं थे। यह भी तर्क दिया गया था कि सभा में औपनिवेशिक मानसिकता प्रभावी थी जहां उसने संविधान प्रारूपण में अनुकरण आधारित मॉडल को अपनाया। विधिक कमियां इस दलील पर आधारित हैं कि संविधान सभा की कार्य प्रणाली राज्य प्रपत्र एवं भार स्वतंत्रता अधिकनियम 1947 के अवरुद्ध थी। बहुतों को यह भी लगा कि सभा ने गैर पंथनिरपेक्ष भारत की नींव रखी थी। हालांकि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इन आलोचनाओं का दस्तावेज की पवित्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। दुनिया भर में आधे से अधिक संविधान 20 वर्ष तक भी नहीं चल पाए। कम से कम, ये आलोचनाएं दर्शाती हैं कि विरोध भी संविधान निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा था और सदन में लगभग प्रत्येक नेता के पास समय के एक बिंदु पर विविध मुद्दों पर जताने के लिए चिंताएं भी थीं। संविधान निश्चित रूप से जन समर्थन व उस संप्रभुता पर आधारित था जो संविधान सभा को समाज के प्रत्येक स्तर पर प्राप्त हुई थी। आज इस दस्तावेज को उन सभी की निगाह में पवित्र ग्रंथ का दर्जा प्राप्त है जो महान देश के इसके सपने में विश्वास रखते हैं। कहने का अर्थ यह नहीं है कि हम भारत में भेदभाव, असमानता एवं धार्मिक असहिष्णुता जैसी समस्याओं को पूरी तरह कुचलने में सफल रहे हैं। कहा जाए, तो हो सकता है हम विफल हुए हों, और संस्थापक आज विद्यमान स्थितियों से ज्यादा प्रसन्न नहीं होंगे। लैंगिक असमानता, जाति आधारित भेदभाव, धार्मिक कट्टरतावाद, गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा का अभाव, राजनीति का अपराधीकरण, भ्रष्टाचार, नीलवसन एवं श्वेतवसन अपराधों का बढ़ना, भूख, गरीबी, लोकरंजकता, बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन, असंतोष का दमन एवं राजनीति में लोकरंजकतावाद ऐसी चिंताएं हैं हमे व हमारे संवैधानिक कार्यतंत्र को लगातार आहत करती रहती हैं।

लेकिन इससे पहले कि हम हमारे सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में विद्यमान चीजों के लिए संविधान को जिम्मेदार ठहराएं, चलिए एक कदम पीछे हटकर उस भूमिका को समझते हैं जो इस इबारत में निहित है और जिसे हमारे देश में अस्तित्वमान लोकतंत्र सरीखी व्यवस्थाओं में भूमिका निभाने के लिए अपेक्षा का विषय मना जाता है। संविधान अंतरनिहित रूप से प्रतीकात्मक दस्तावेज होते हैं और वे लोगों के मस्तिष्क एवं हृदयों को परिलक्षित करते हैं। कहने का अर्थ यह नहीं कि उनमें वो सब शामिल होता है जो नैतिक रूप से अनुमन्य होता है। संविधान में लिखी इबारत उस सपनों को दोहराती व उन पर जोर दती है जो राष्ट्र ने स्वयं के लिए देखा हो।

71 वर्ष पूर्व, हमारे संस्थापकों ने ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो सभी प्रकार के पूर्वाग्रहों, घृणा व कलंकों से मुक्त हो। हम उस लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं। लेकिन मानी गई विफलता के लिए इबारत की आलोचना करते समय हम भूल जाते हैं कि हमारा आक्रोश गलत दिशा में जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय संविधान उन पर बहुत बड़ा भरोसा करता है जिन पर यह लागू होता है, और वे हैं इस देश के नागरिक। लोगों की विफलता के लिए संविधान को जिम्मेदार ठहराकर, हम उस इबारत के प्रति अन्याय करते हैं जो केवल तभी बेहतर काम करती है जब, ''हम, जनता जनार्दन'' पूर्ण ईमानदारी से काम करें और संवैधानिक आदर्शवाद के सिद्धंतों को अक्षुण्ण रखें। संविधान दिवस क्यों महत्वपूर्ण है इसका कारण बहुत सी सरल सा है, यह आपको कहानी सुनाता है। भारत की संवैधानिक यात्रा में उगजे सूरज की कहानी। यह आपको बताता है कि संविधान असंतोष व विरोध को ध्यान में रखकर व बौद्धिक विमर्श के साथ चलकर प्रारूपित किया गया था। यह आपको बताता है कि इस दस्तावेज का निर्माण ऐसे समय पर हुआ था जब वैश्विक राजनीति की गतिशीलता पर पुनर्विचार किया जा रहा था। यह आपको बताता है कि आलोचना के समक्ष, संविधान सभा एक ऐसा दस्तावेज बनाने में सफल रही जो अग्रगामी, आशावादी था और अब तक कई लोकरंजक सरकारों एवं स्वेच्छाचारी नेताओं के प्रकोप को झेलकर भी मजबूती से विद्यमान है। यह आपको बताता है कि, अधिक महत्वपूर्ण रूप से, संविधान की आलोचना दिग्भ्रमित है और जो लोग इसकी पवित्रता को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं उनकी विफलता का अर्थ संविधान की विफलता नहीं है।

# ध्वनि प्रदूषण का निरंतर बढ़ता खतरा

भारत को पटाखों पर प्रतिबंध के लिए जनान्दोलन करने की आवश्यकता है। जिसे मनोरंजन माना जाता है वह ध्वनि प्रदूषण बढ़ा कर हमारी सामूहिक आत्महत्या बन सकता है।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)





भारत वर्तमान समय में कोविड-19 वैश्विक महामारी का शिकार है जो निर्मम रूप से बढ़ रही है। रोज संक्रमित व मृत लोगों के आंकड़े चिन्ता पैदा करते हैं। अनेक स्थानों, खासकर दिल्ली में वायु प्रदूषण चिन्ताजनक है। इसके कारण लोगों का कोरोनावायरस से खतरा बढ़ रहा है। इससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को स्थाई नुकसान हो रहा है। उम्मीद थी कि इस संकट के आर्थिक प्रभाव दीपावली पर दिखाई देंगे। बड़ी संख्या में भारतीय इसे दीपोत्सव के नाम से मनाते तथा एक दूसरे को मुबारकवाद देते हैं। विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीय तथा भारतीय मूल के लोग भी इसे मनाते हैं। न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर में भी दीपावली मनाई जाती है। उम्मीद थी कि भारत में लोग दीपावली मनाते समय पटाखों से परहेज करेंगे क्योंकि देश के अनेक भागों में इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था तथा कुछ हिस्सों में अत्यधिक सीमित किया गया था। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इनके प्रयोग में ज्यादा कमी नहीं आई और 14 नवंबर को दीपावली के दिन तथा कई स्थानों पर एक सप्ताह तक पटाखे दगे।

इससे पैदा भयानक शोर से वृद्ध, दिव्यांग व बीमार लोग प्रभावित हुए। शोर से जानवरों, खासकर कुत्तों को बहुत तकलीफ उठानी पड़ी जिनमें से कुछ तो भय के मारे पागल हो गए। पटाखों से निकलने वाले धुंए ने पहले से गंभीर वायु प्रदूषण को और खतरनाक बना दिया। नियंत्रणों व प्रतिबंधों के बावजूद पटाखे दगाने को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। हालांकि, सिविल सोसाइटी तत्वों, पर्यावरणविदों और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने जनता से इनका प्रयोग न करने का अनुरोध किया था। स्कूली बच्चों ने अनुरोध किया था कि उनका भविष्य खतरे में न डाला जाए। पिछले अनेक वर्षों से पटाखे दगाने के खिलाफ आंदोलन विकसित हो रहा है जो ज्यादा तेज आवाज करने व भारी मात्रा में प्रदूषण बढ़ाने वाले पटाखों पर प्रतिबंध की मांग कर रहा है, लेकिन इसका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।

आखिर बड़ी संख्या में भारतीय प्रकाश के गरिमामय त्योहार को भयानक शोर पैदा करने वाले मौके में क्यों बदल रहे हैं? वे इस बात से अनजान नहीं हैं कि इसका असर

चूंकि सरकार द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगाने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारों को इनके उत्पादन को कठोरता से अत्यधिक सीमित करने के कदम उठाने चाहिए। यदि उद्योग को पूरी तरह बंद न किया जाए तो पटाखों के उत्पादन पर नियंत्रण से खाली कामगारों को अन्य कामों में लगाया जा सकता है। इससे भारी मात्रा में वह पैसा भी बचेगा जो अब पटाखे दगाने में बरबाद हो जाता है। यह ऐसा उद्योग है जिसने समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।

बच्चों और उनके बच्चों पर पड़ेगा। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य, बल्कि चरित्र भी प्रभावित हो सकता है। इससे बच्चों में कानून तोड़ने की भावना पैदा होती है। इससे सामाजिक सद्भाव तथा कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा हो सकती है। इससे कानून तोड़ने की भावना खतरनाक रूप से बढ़ सकती है जिसका नतीजा बाद में गंभीर अपराधों के रूप में सामने आ सकता है। पटाखे दगाने में लगे अनेक लोग इसके नतीजे नहीं समझते हैं। उनकी चेतना कम से कम पिछले दो दशकों से मर गई है।

हमें पटाखे दगाने के पीछे छिपी भावना समझनी होगी। व्यक्ति की किसी क्रिया का जन्म उसकी सहज प्रवृत्ति से होता है। कोई भी अपना जीवन बचाने के लिए तेजी आ रहे वाहन से दूर भागता है। पटाखे दगाना एक श्रृंखला का हिस्सा है जिसमें पहले इसे खरीदने का निर्णय किया जाता है। इसके बाद इसके भंडारण व फिर दगाने का नंबर आता है। इनमें से प्रत्येक कृत्य आत्माभिव्यक्ति का माध्यम है। एक फ्रांसीसी दार्शनिक रेने देकार्त ने कहा है कि हम जो सोचते हैं, वैसे बन जाते हैं। इसी प्रक्रिया का विस्तार पटाखे दगाने वाले की इच्छा में दिखता है। उसे लगता हे कि पटाखे दगाना उसके अस्तित्व का अंग है। कभी-कभी पटाखे दगाने में काफी चोट भी लगती है जिसे व्यक्ति के साहस के प्रमाण की तरह पेश किया जा सकता है। इसे प्रतिबंध या नियंत्रण का उल्लंघन करने की इच्छा की तरह भी देखा जा सकता है। इस प्रवृत्ति से विद्रोह की भावना बढ़ती है।

आत्माभिव्यक्ति के अनेक साधन हैं जिनमें कला के अनेक रूप, पेंटिग व फोटोग्राफी, फिल्में बनाना, नाटकों में अभियन करना, लेखन, गायन, नृत्य, वास्तुकला, डिजाइनिंग, आदि हैं। इनमें शामिल होने के लिए प्रशिक्षण, कौशल, प्रयास ओर प्रतिभा तथा काफी समय लगाने की आवश्यकता होती है। लेकिन पटाखे दगाने में इनकी जरूरत नहीं पड़ती है। हालांकि, यह सवाल पूछा जा सकता है कि क्या पटाखे दगाने वाले रचनात्मक गतिविधि में हिस्सा नहीं लेते हैं? कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं, हालांकि इस बारे में कोई सर्वेक्षण शायद नहीं है। पटाखे दगाना एक अलग किस्म का व्यवहार है। इस लेखक को ऐसे किसी उपन्यासकार, कवि, नाटककार, पेंटर, फिल्मकार या प्रतिबद्ध फोटोग्राफर की जानकारी नहीं है जिसे पटाखे दगाने में मजा आता हो।

तर्क दिया जा सकता है कि लोग पटाखे इसलिए दगाते आ रहे हैं कि उनको इसमें मजा आता है। क्या समाज के अन्य लोगों को लेखकों, पेंटरों, फिल्म निर्माताओं या फोटोग्राफरों की तरह अपनी मर्जी से आनन्द मनाने या दूसरे शब्दों में पटाखे दगाने का अधिकार नहीं है और क्या उनके काम रचनात्मक नहीं हैं? इनमें बिजनेसमैन, प्रशासक, प्रबंधक, क्लर्क, वकील, डाक्टर, इंजीनियर, आदि शामिल हैं। निश्चित रूप से वे रचनात्मक काम करते हैं, लेकिन पटाखे दगा कर वे सार्वजनिक स्वास्थ्य व पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसी स्थिति में मनोरंजन का अर्थ सामूहिक आत्महत्या के लिए स्वेच्छा से प्रवृत्त होना हो सकता है। सवाल यह उठता है कि क्या हम ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देना चाहते हैं? ऐतिहासिक रूप से अनेक संस्कृतियों ने आत्माभिव्यक्ति के रूप में जायकेदार भोजन तथा नशीले पेयों को बढ़ावा दिया है। एक सीमा के भीतर ऐसा करने में कुछ गलत नहीं है। इससे मांग पैदा होती है जिसकी संतुष्टि से अर्थव्यवस्था की प्रगति में योगदान होता है तथा रचनात्मक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। वर्तमान मामले में पटाखा उद्योग ने हजारों लोगों को रोजगार दिया है जो इसके निर्माण व उत्पाद के वितरण में लगे हैं।

लेकिन यह ऐसा उद्योग है जिसने समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। साल दर साल दीपावली के समय तथा इसके कुछ दिन पहले व बाद में पटाखों के प्रयोग में भारी कमी की बात की जाती है। लेकिन इससे अब तक लगभग कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। हर साल पटाखों की सप्लाई बेरोकटोक जारी रहती है और इसका आयाम लगातार बढ़ रहा है। चूंकि सरकार द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध या नियंत्रण लगाने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारों को इनके उत्पादन को कठोरता से अत्यधिक सीमित करने के कदम उठाने चाहिए। यदि उद्योग को पूरी तरह बंद न किया जाए तो पटाखों के उत्पादन पर नियंत्रण से खाली कामगारों को अन्य कामों में लगाया जा सकता है। इससे भारी मात्रा में वह पैसा भी बचेगा जो अब पटाखे दगाने में बरबाद हो जाता है।

इस बीच पटाखों के प्रयोग पर कठोर नियंत्रणों की मांग करने वाले सिविल सोसाइटी संगठनों, व्यक्तियों तथा स्कूली बच्चों को अपने प्रयासों में अनवरत रूप से तेजी लानी चाहिए। उनका लक्ष्य एक राष्ट्रव्यापी नागरिक आंदोलन खड़ा करना होना चाहिए। यह आंदोलन इतना सशक्त होना चाहिए कि उसे केन्द्र व राज्य सरकारें तथा पटाखों के निर्माता, वितरक व पटाखे दगाने वाले अनदेखा न कर सकें।

## क्विक न्यूज

### मोबाईल मेडिकल यूनिट अंतर्गत अस्थायी संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालोद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि खनिज न्यास निधि से मोबाईल मेडिकल युनिट-एमएमयु अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी पद हेतु 05 दिसम्बर 2020 को एवं स्टाफनर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, ड्रायवर एवं वार्ड ब्वाय के अस्थायी संविदा पदों की भर्ती हेतु 07 दिसम्बर 2020 को आवेदन प्रातः 10.30 बजे से शाम 05.30 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन बंद लिफाफे में सीधे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुराना जिला अस्पताल परिसर में आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, ड्रायवर एवं वार्ड ब्वाय हेतु विज्ञापन प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी विज्ञापन का प्रारूप कार्यालय के सूचना पटल में या बालोद जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन में देख व डाउनलोड कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में समिति प्रबंधकों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें। धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही न हो। श्री महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के स्वान कक्ष में वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से समिति प्रबंधकों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य व्यवस्थित और सुचारू रूप से सम्पन्न हो।

कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों में बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में साफ-सफाई, कम्प्यूटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आर्द्रतामापी यंत्र, कांटा-बाट आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में कोरोना




वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु सेनिटाइजेशन की व्यवस्था, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्यतः पालन कराए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को धान खरीदी कार्य शुरू होने के दिन से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्प्यूटर ऑपरेटरों के प्रशिक्षण की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। इस अवसर पर स्वान कक्ष में अपर कलेक्टर एके बाजपेयी, जिला खाद्य अधिकारी एचएल बंजारे, जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जनपद पंचायतों के स्वान कक्ष में एसडीएम, तहसीलदार और समिति प्रबंधक मौजूद थे।

### कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ली राईस मिलर्स की बैठक

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राईस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के शेष बचत धान के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राईस मिलर्स से कहा कि वे खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के लिए धान खरीदी हेतु समितियों को समय पर पिछले वर्ष का बारदाना उपलब्ध कराए ताकि धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 हेतु मिल पंजीयन की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर एके बाजपेयी, जिला खाद्य अधिकारी एचएल बंजारे, जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह सहित अन्य अधिकारी और जिले के राईस मिलर्स उपस्थित थे।

## प्रदेश सरकार लोककला को समृद्ध बनाने में लगी हुई है-आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम कुसमी के लोककला संघ बेमेतरा द्वारा आयोजित अंचल के वरिष्ठ कलाकारों के सम्मान समरोह में मुख्यअतिथि शिरकत की इस अवसर पर उपस्थित जन समूह तथा कलाकरों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक कलाकारो ने हमारी छत्तीसगढ़ी परम्परा को जन जन तक पहुचाने का काम किया है,प्रदेश सरकार छत्तीसग?ी संस्कृति और कला को सहेजने का तथा समृद्ध बनाने में लगी हुई है,प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल खुद छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बनाये रखने के लिए लोक कलाकरों को लगातार बढ़ावा दे रहे है,छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारो को आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना पहचाने लगा है यहां की कला आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छटा बिखेर रही है कार्यक्रम में हीराबाई वर्मा अध्यक्ष जनपद पँचायत बेरला,रामेस्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,तोरण नायक,विजय पारख, रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पँचायत बेरला, तखत राम साहू, सच्चिदानंद मिश्रा, पुशऊ राम सिन्हा, रोशन वर्मा, संजू वर्मा, संतोष साहू, रमाकांत साहू, उमाशंकर साहू, राधेश्याम देवांगन, मनीष टंडन,सरस्वती साहू सभापति जनपद बेरला, यमनी वैष्णव सदस्य जनपद पंचायत बेरला,हेमंत वैष्णव सदस्य जनपद पंचायत बेरला,संदीप साहू सरपँच सिंगदेही, मनीष टंडन सरपँच कुम्हि, रमेश कुमार यादव सरपँच रामपुर, राजेश यादव,बिरेन्द्र पाठक सरपँच खर्रा ,हरसेवक सिन्हा सरपँच सोरला, तरुण साहू सरपँच भटगांव, अविनाश साहू,छोटू साहू, दशरुराम साहू,गुड्डू सेन, सहित चित्रेन्द्र सेन,पप्पू सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासि उपस्थित रहे।

## धान, मक्का, गन्ना फसलों को छोड़कर शेष अन्य फसलों के लिए पंजीयन 30 तक

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

खरीफ वर्ष 2020-21 में धान एवं मक्का फसल का समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पंजीकृत डाटा अंतर्गत कृषको का पंजीकृत रकबा, गन्ना फसल के लिए गन्ना पेराई वर्ष 2020-21 हेतु सहकारी शक्कर कारखाना में पंजीकृत रकबा एवं अन्य फसलों के लिए राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी उपरांत भुईया पोर्टल में इन्द्राज रकबा के आधार पर आदान सहायता राशि की गणना की जाएगी। कृषि विभाग के उपसंचालक एनएल पाण्डेय ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान, मक्का, गन्ना उत्पादक कृषकों को छोड़कर शेष फसलों यथा- सोयाबीन, मुंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो-कुटकी एवं रागी फसल बोये गए थे। कृषकों द्वारा बोये गए रकबे का पंजीयन संबंधित सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से प्रारंभ हो गया है। ऐसे कृषक, योजना में प्रावधानित फसलों के रखबे का पंजीयन फार्म (प्रपत्र-1) में अपना पूर्ण विवरण भरकर अपने संबधित सेवा सहकारी समिति में सत्यापन एवं पंजीयन हेतु जमा करें। उन्होंने बताया कि योजना में कृषकों का पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ आवश्यक अभिलेख जैसे ऋण पुस्तिका आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति संबधित प्राथमिक सहकारी समिति में जमा करना अनिवार्य होगा। सहकारी समितियों को कृषकों का पंजीयन निर्धारित प्रदाय समय-सीमा 30 नवंबर 2020 तक अनिवार्य रूप से करना होगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अपने आवेदन पत्र का सत्यापन भुईया पोर्टल में प्रदर्शित संबंधित मौसम के गिरदावरी के आकड़ों के आधार पर किया जाएगा। सत्यापन उपरांत कृषक को संबंधित सहकारी समिति में अपने रकबे का पंजीयन कराना होगा। समय-सीमा में पंजीयन कराने वाले कृषकों को सोयाबीन, मुंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो-कुटकी एवं रागी फसल हेतु आदान सहायता राशि देने का प्रावधान शासन द्वारा तय किया गया है।

## महिला बाल विकास विभाग ने रोका बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड बेरला के ग्राम अतरगढी के एक परिवार मे 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह ग्राम बावनलाख के 19 वर्षीय युवक के साथ किये जाने की सूचना पर जिला महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी विद्यानंद बोरकर के निर्देश व जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विभाग की टीम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय ग्राम संरपंच व कोटावार तथा प्रबुद्ध नागरीको की सहायता से उन बालक व बालिका के निवास स्थान पर पहूँचे, वर-वधु पक्ष को समझाईस दी गई जिस पर उनके द्वारा सहर्ष ही बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की तथा बारात



वापस ले जाने की बात कही गई, बालिका के परिजनों ने कहा कि हमें यह ज्ञात नहीं था कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है।

अधिकारियों द्वारा समझाईस दिये जाने पर उन्होने उक्त बालिका का विवाह 18 वर्ष के उपरांत किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया तथा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका व 21 वर्ष से कम आयु का बालक का विवाह करना या करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है,तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

## सेवा सहकारी समिति कुम्हारी में टोकन वितरण प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप 1 दिसंबर से धान खरीदी के लिए नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा धान मंडी में किसानों को टोकन वितरण कर धान खरीद किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया । अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने सेवा सहकारी समिति में धान के रख - रखाव की व्यवस्था का जायजा लिया। किसानों को अपने धान विक्रय के लिए कोई कष्ट नहीं हो तथा किसानों द्वारा संबंधित जानकारी मांगे जाने पर पारदर्शिता पूर्ण ढंग से तत्काल जानकारी उपलब्ध कराए जाने के लिए कर्मचारियों को समयानुसार उपस्थित रहने के लिए कहा गया । राजेश्वर सोनकर ने समिति प्रबंधक से अपेक्षा करते हुए कहा, किसानों को किसी भी प्रकार से तकलीफ न हो, अपने विवेकानुसार उत्कृष्ट व्यवस्था निश्चित करें। टोकन वितरण कार्यक्रम में राजेश शर्मा मंडी सदस्य, पार्षद मनहरण यादव, मधु यादव, लेखराम साहू, भोला राम साहू व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## लेपटॉप चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, चोरी का सामान खरीदने वाले को भी दबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 निवासी अरुण कुमार शुक्ला पिता वाय के शुक्ला (43 वर्ष) द्वारा शिकायत की गई थी कि उनका एक लेपटॉप उनके निवास में बने पोर्च से चोरी चला गया है एवं जिसकी कीमत करीब 38000 हजार रुपए है। प्रार्थी की शिकायत पर स्थानीय पुलिस धारा 379 के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान स्थानीय दो अपचारी बालको को पक?कर पूछताछ की गई तो अपचारी बालकों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया तथा रायपुर के रवि भवन जय स्तंभ चौक गली न. 2 मेनगेट के पास के पास आरोपी अल्ताफ भाईजान को 200 रुपए में बेचना बताया इसके बाद आरोपी अल्ताफ खान पिता अब्दुल खालिक (20



वर्ष) मोमिन पारा रायपुर से लेपटॉप बरामद कर लिया गया। उक्त कार्यवाही में स्थानीय थाना प्रभारी आशीष यादव के अतिरिक्त गणेश राम साहू, प्रेमचंद यादव, मदन लाल साहू, आर.वीरेंद्र यादव, हर सिंह, अमर सिंह एवं शत्रुघन महतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रामसिंह ठाकुर बालोद और अमित श्रीवास्तव को गुरुर एसडीएम बनाया

- **प्रेमलता को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी का प्रभार**

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी और डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन किया है। कलेक्टर श्री महोबे ने डिप्टी कलेक्टर रामसिंह ठाकुर को बालोद और अमित श्रीवास्तव को गुरुर का एसडीएम बनाया हैं। वही कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर एके बाजपेयी को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बालोद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाजपेयी को तहसील बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा के अंतर्गत उद्भूत अपील एवं पुनरीक्षण, पुर्नविलोकन के प्रकरणों का निराकरण, ग्राम



पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका क्षेत्र में मत्स्य पालन हेतु जल क्षेत्र लीज पर प्रदान किए जाने के संबंध में प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन प्रकरणों के निराकरण, बंदोबस्त लेखों में सुधार संबंधी समस्त मामले, भू-अभिलेखों में सुधार संबंधी समस्त मामले, कतिपय वृक्षों का काटने की अनुमति, कतिपय वृक्षों को बिना अनुमति काटने संबंधी मामले, ईमारती लकड़ी को काटने की अनुमति, पॉच हजार वर्ग मीटर से अधिक ग्रामीण क्षेत्र तथा नगरीय क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी, परियोजना हेतु भूमि व्यपवर्तन, पॉच हजार वर्ग मीटर से अधिक सार्वजनिक, संस्थागत प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन, पॉच हजार वर्ग मीटर से तक चिकित्सा सेवाए प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन, चिटफंड कंपनी द्वारा धोखाधड़ी किए जाने संबंधी मामलों का निराकरण, शोध क्षमता प्रमाण पत्र जारी करना (रूपए 25 लाख से उपर 50 लाख तक), शासकीय कृषि योग्य भूमि से निजी भूमि की अदला-बदली संबंधी मामले, बंदोबस्त चालू रहने के दौरान राजस्व में कमी, सूचना का अधिकार में अपील अधिकारी, ऋण मुक्ति अधिनियम 1976, पट्टाधृति अधिनियम 1984/1988 के अंतर्गत अपील के पुनरीक्षण के प्रकरणों का निराकरण, भू-अर्जन प्रकरणों में दस लाख तक मुआवजा प्रकरण का अनुमोदन करना इससे उपर के प्रकरण कलेक्टर को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना।

## रात्रि में घर अंदर घुस कर चोरी करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दिनांक 27.11.2020 को प्रार्थी नरेन्द्र चंद्राकर उम्र 40 साल साकिन बनरांका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 26.11.2020 के रात्रि करीबन 08 बजे मैं तथा मेरी पत्नि, मेरी मां घर के परछीनुमा हाल में खाना खाकर सोये थे रात्रि करीबन 09ः30 बजे मेरी पत्नि नें मुझे बोली कि कमरा में कुछ घुसा है खुट-खाट की आवाज आ रहा है, कोई चोर घुसा है ऐसा लगता है उसी समय अचानक गांव के पोषण उर्फ छन्नु यादव कमरा अंदर से भागते हुये निकला जिसे मैं तथा मेरी पत्नि व मां पकडनें का प्रयास किये तो पोषण यादव झटका देकर भागा तो उसके पहनें फुल सर्ट भुरा रंग छिटदार एवं गहरा नीला रंग का सैण्डो बनयान फट कर हाथ में आ गया और आरोपी छत की ओर से



कुद कर भाग गया। मैं उसका पीछा किया तो नही पकडाया। उसके बाद मैं कमरे अंदर जाकर देखा तो मेरे कमरे में रखे एक चादर की पेटी जिसमें लोहे का ताला लगा हुआ था जिसका कुण्डा टुटा पडा था एवं पेटी में रखे साडी एवं अन्य समान फैला था व पेटी में रखे 7000/- रूपये नही था आरोपी चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अप. क्र. 176/2020 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सरपंच और ग्रामीणों के साथ बोर खनन के लिए स्थल निरीक्षण करते किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी

## पीने का पानी लेने जाना पड़ता है महिलाओं को कोसो दूर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

किसान कांग्रेस में प्रदेश महासचिव के तौर पर नियुक्ति के बाद पेडितरई के बोर्रा माता मंदिर में दर्शन करने पहुचे डॉ सौरभ निर्वाणी,उन्होंने दर्शन कर बोर्रा माता मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त किए।

इस दौरान पेडितारई की सरपंच इतवारा गंधर्व ने पंचों और किसानों के साथ डॉ निर्वाणी से मुलाकात कर गांव के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया और गांव के वार्ड क्रमांक 3 में पेयजल की समस्या बताते हुए कहा कि इस वार्ड के महिलाओ और लड़कियों को पीने का पानी लेने प्रतिदिन लगभग एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, दैनिक निस्तारी के लिए तालाब है परंतु गर्मी के दिनों में तालाब सुख जाय तो



निस्तारी में भी समस्या होती है,अगर इस स्थल पर पीने के पानी के लिए बोर हो जाय तो वार्ड वालों की समस्या भी दूर हो जाएगी और गर्मियों में तालाब को भी सूखने से बचाया जा सकेगा।

डॉ निर्वाणी ने कहा कि राज्य की भूपेश बघेल सरकार किसानों के हित के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है,8 महीनों के लॉक डाउन में जहाँ अन्य राज्यों में भारी आर्थिक मंदी है।

वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के किसानों ने इस दीवाली शहरी लोगों से अधिक खरीद दारी की है, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे किसानों के लिए नई नई लाभदायी योजना तैयार की है जिससे उन्हें लाभ मिलना तय है, इस दौरान मनोज पूरी गोश्वामी,युवा कांग्रेस के रवि गोश्वामी उपस्थित थे।

## अर्जित अवकाश नगदीकरण के लिए भामसं ने चेयरमेन को पत्र भेजा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने अर्जित अवकाश नकदीकरण सभी कर्मचारियों को मिले, इस आशय का एक पत्र चेयरमैन सेल को भेजा है चेयरमैन को लिखे पत्र में जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने बताया कि 24 नवंबर 2020 को अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) कारपोरेट ऑफिस से जारी सर्कुलर के अनुसार जिनका अर्जित अवकाश (स्टैंडिंग ऑर्डर एम्पलाई) 170 से अधिक होगा, वही कर्मचारी 170 से ऊपर के इ एल का नकदीकरण ले सकता है । भिलाई इस्पात संयंत्रऔर उसके बंधक खदानों में कार्यरत ऐसे कर्मचारियों की संख्या बमुश्किल 5 से 10 परसेंट के बीच है, जिससे कि 90 परसेंट से अधिक संयंत्र कर्मचारी अर्जित अवकाश नकदीकरण की सुविधा से वंचित हो जा रहे हैं। पत्र में लिखा गया है कि कोरोना जैसे महामारी में भी भारी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राजहरा खदान के कर्मचारियों ने अधिकतम उत्पादन कर सेल को मैक्सिमम प्रॉफिट कमा कर दे रहे हैं कर्मचारीगण संयंत्र और राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए अधिक उत्पादन का रिकॉर्ड बना लगातार अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण निष्ठा से कर रहे हैं परंतु जिस प्रकार सेल कारपोरेट के उच्चाधिकारियों की सोच कर्मचारियों के प्रति दिखता है कर्मचारियों के धैर्य की सीमा समाप्त होते जा रही है और इसके ऊपर इस प्रकार अर्जित अवकाश नकदीकरण का सर्कुलर जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक बीएसपी कर्मचारी अवकाश नकदीकरण के क्राइटेरिया में नहीं आ रहे है, जिससे कर्मियों में सेल प्रबंधन के प्रति भारी आक्रोश का माहौल व्याप्त है।अगर आईआर खराब होता है तो उसके लिए कारपोरेट ऑफिस जिम्मेदार होगा।. पत्र में सेल चेयरमैन से आग्रह किया गया है कि तमाम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अर्जित अवकाश नकदीकरण सभी कर्मचारियों के लिए तत्काल शुरू किया जाए।

## क्विक न्यूज

### पूरन को एसपी ने किया सम्मानित



**सक्ती।** कार्यालय पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा द्वारा शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत जुड़गा के सरपंच प्रतिनिधि इंजीनियर पुरन जायसवाल को घायल व्यक्ति की मदद कर गुड सेमिरिटन के रूप में सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है ,इंजीनियर पुरन जायसवाल जी को लोगों ने बहुत बहुत बधाई एवं साधुवाद प्रेषित किया है, तथा इंजीनियर पूरन जायसवाल निरंतर ग्राम पंचायत के नागरिकों तथा क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए दृण संकल्पित होकर कार्य करते हैं।

## निधन

### बजरंग लाल जिंदल



**सक्ती।** बाराद्वार नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी,समाजसेवी बजरंग लाल जिंदल ( मटरू ) का 57 वर्ष की आयु में 28 नवंबर को निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार शनिवार की शाम मारवाडी मुक्तिधाम बाराद्वार में किया गया,अंतिम संस्कार यात्रा में परिजन सहित,काफी संख्या में नगरवासियो ने शामिल होकर अपनी श्रद्धांजलि दी, वे अपने पीछे 3 पुत्रों का भरापूरा परिवार बिलखता छोड गये, मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आकाश जिंदल ने दी

### रतनलाल अग्रवाल



**सक्ती।** सक्ती शहर की प्रतिष्ठित फर्म अम्मीलाल रतन लाल अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ ऑटो पार्ट्स के संचालक विकास अग्रवाल विक्की के पूज्य पिता एवं आत्माराम अग्रवाल, कैलाशचंद्र अग्रवाल (बाबा आटा) के जेष्ठ भ्राता रतनलाल अग्रवाल का 28 नवंबर 2020 दिन- शनिवार को रायगढ़ में निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर को स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में किया गया, अंतिम संस्कार यात्रा वार्ड क्रमांक- 03 राजापारा शक्ति से निकली।

# राजस्व अधिकारी गोठानों का निरीक्षण करें अनियमितता पाए जाने पर जांच कर कार्यवाही करें

- राज्य शासन ने पट्टे की भूमि को फ्री होल्ड कराने भू-स्वामी बनने का दिया सुनहरा मौका, राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने शनिवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के गोठानों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करें और गोबर खरीदी से लेकर किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो जांच कर कार्यवाही करें।

उन्होंने ऐसे प्रकरणों की भी जांच करने के निर्देश दिए। जहां एक ही व्यक्ति या एक ही परिवार के कई सदस्यों द्वारा अधिक मात्रा में गोबर बिक्री की गई है ऐसे संदेहास्पद प्रकरणों की भी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण करने के भी निर्देश दिए और फूड अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में बारदाना संग्रहण करने को कहा। जिन पीएसएस दुकानों को बारदाना नहीं उपलब्ध कराने के कारण निलंबित किया गया है वे समय पर बारदाना उपलब्ध नहीं कराते है तो उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर भीम सिंह ने शहरी क्षेत्रों में खाली पड़ी शासकीय जमीनों का शासन के निर्देशों का पालन करते हुए नीलामी करने के निर्देश दिये और जिन शासकीय जमीनों पर लोग कब्जा कर निवास कर रहे है उन्हें शासन की योजना के अनुसार निर्धारित राशि जमा कराने का नोटिस देने और यदि कब्जाधारी व्यक्ति राशि जमा करने को सहमत नहीं है तो शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा बहुत महत्वपूर्ण योजना लागू की गई है। जिसके तहत 1984 में जारी पट्टों का नवीनीकरण तथा न्यूनतम राशि जमा कर भू-भाग को फ्री होल्ड कराके संबंधित व्यक्ति भू-स्वामी बन सकता है। यहां तक कि 1984 में जिनके नाम पट्टा जारी किया गया है वह व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य निवास नहीं कर रहे है तो जो भी व्यक्ति वहां निवासरत है उसी के नाम पर पट्टा नवीनीकृत किया जायेगा। उन्होंने 7500 वर्गफीट से अधिक भू-भाग को नये नियमों के अनुसार नीलामी की कार्यवाही करने और राज्य शासन से अनुमोदन के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से नगर निवेश विभाग को भेजे गये डायवर्सन प्रस्तावों को शीघ्र निराकृत करने के लिए नगर निवेश अधिकारी को बैठक में बुलाकर निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे प्रकरण जहां एक वर्ष से अधिक समय से लंबित है उनके लंबित होने का कारण सहित जानकारी प्रस्तुत करें और प्रत्येक राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय के सुनवाई का दिन और समय निर्धारित करें और उसी के अनुसार सुनवाई करें जिससे दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और वकीलों का समय न व्यर्थ हो, उन्होंने राजस्व अधिकारियों को अपने न्यायालय की गरिमा बनाये रखने के निर्देश दिए जिससे आमजनों का विश्वास बढ़ सके। कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में आने वाले ज्यादातर प्रकरण सीमांकन, बंटवारा तथा नामांकन के होते है इनकी जांच कर त्वरित निटपारा किया जा सकता है।

## पुलिस की एसएस मिनरल्स क्रशर प्लांट में दबिश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शनिवार को थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक आशीष वासनिक की टीम द्वारा ग्राम गुडेली के एसएस मिनरल्स क्रशर प्लांट में दबिश दिया गया। थाना प्रभारी को लगातार यह सूचना मिल रही थी कि प्लांट स्वयं की रॉयल्टी पर्ची के अलावा अन्य लोगों की रायल्टी पर्ची का उपयोग किया जा रहा है जिसे खनिज विभाग द्वारा जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन पर शनिवार की दोपहर सारंगढ़ टीम द्वारा जब रेड कार्यवाही किया गया। तब प्लांट में मुंशी तुलेश्वर प्रसाद पटेल मिला। तस्दीकी दौरान रॉयल्टी पर्ची काटने वाले टेबल पर एसएस मिनरल्स के अलावा अपूर्वा ग्रामोंद्वयोग गुडेली एवं मां नाथलदाई क्रशर उद्धयोग टिमरलगा के भी रॉयल्टी पर्ची मिली। जिसका क्रशर में ही उपयोग किया जा रहा था। मौके पर तुलेश्वर प्रसाद पटेल से कड़ी पूछताछ करने पर बताया कि एसएस मिनरल्स स्वयं की रॉयल्टी पर्ची के अलावा भानुदास मिनरल्स गुडेली, अपूर्वा ग्रामोंद्वयोग गुडेली, मनीष मिनरल्स गुडेली, मां नाथल दाई क्रशर टिमरलगा ,सर्वमंगला क्रशर टिमरलगा की रॉयल्टी पर्ची का भी उपयोग उक्त मिनरल्स के संचालक श्यामलाल अग्रवाल के द्वारा किया जा रहा है। थाना प्रभारी आशीष वासनिक जब अपनी जांच को आगे बढ़ाये तो अचंभित करने वाली जानकारी मिली। प्लांट द्वारा जिस भानू दास मिनरल्स की रॉयल्टी पर्ची का उपयोग किया जा रहा है वह पिछले कई महिनों से बंद तथा वर्तमान मे सर्वमंगला क्रशर टिमरलगा जिसके नाम की रॉयल्टी पर्ची का उपयोग किया जा रहा है। वह अभी नवनिर्माणधीन एवं बंद है। इस प्रकार एसएस मिनरल्स के संचालक श्यामलाल अग्रवाल उर्फ रॉबर्ट पिता स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल निवासी लालटंकी के पास रायगढ़ के द्वारा अपनी रॉयल्टी पर्ची के अलावा अन्य लोगों तथा बंद एवं निर्माणाधीन क्रशर उद्योगों की रॉयल्टी पर्ची का भी उपयोग कर शासन को आर्थिक क्षति एवं स्वयं सदोष आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए लगातार धोखाधड़ी किया जा रहा है। थाना प्रभारी सारंगढ़ द्वारा प्लांट के संचालक श्यामलाल अग्रवाल व अन्य क्रशर उद्योग जो अपने नाम की रॉयल्टी पर्ची को अपने आर्थिक लाभ कमाने के लिए एसएस मिनरल्स के संचालक को रायल्टी पर्ची दिए हैं।

## शिवसेना के सभी पदाधिकारियों की 1 दिसंबर को होगी बैठक

पायनियर संवाददाता < जांजगीर
www.dailypioneer.com

शिवसेना जिला कार्यालय जांजगीर में 1 दिसंबर को जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत जी के अध्यक्षता में सभी जिला पदाधिकारी व सभी ब्लॉक पदाधिकारियों तथा शिवसैनिकों की मासिक बैठक लिया जावेगा। जिसमें प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम बस्तर जगदलपुर पदयात्रा आगामी 14 दिसंबर से होने वाले कार्यक्रम में जिले से बडी संख्या में शामिल होने के लिए रणनीति तैयार किया जावेगा। साथ ही सभी ब्लॉक मुख्यालय में तिथि निर्धारित कर नवाग? ब्लॉक मुख्यालय, अकलतरा ब्लॉक मुख्यालय, मालखरौदा ब्लॉक मुख्यालय, बम्हनीडीह ब्लॉक मुख्यालय, जैजैपुर ब्लॉक मुख्यालय में क्षेत्र के विभिन्न जनहित समस्याओं व मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना आंदोलन पर चर्चा कर जिम्मेदारी सौंपी जावेगी।

बस्तर कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों से बडी संख्या में शिवसैनिक शामिल होंगे, जिसपर रणनीति बनाकर जिम्मेदारी सौंपी जावेगी। जिसकी जानकारी चंदन धीवर जिला महासचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताई। शिवसैनिकों से अपील किया गया है कि मासिक बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवें।

## चलित ओपीडी में 83 लोगों ने कराई जांच

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल वेन को विगत दिन पहले महापौर एवम सभापति एमआईसी सदस्य एवम पार्षदगण की उपस्थिति में नगर निगम प्रांगण से झंडा दिखाकर शुभारंभ किया गया था। वार्डों में कैम्प के माध्यम से क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रही है।

इस कैम्प में इंदिरा नगर क्षेत्र वार्ड पार्षद एवम समाजसेवीयो की सक्रियता से अधिकाधिक मरीजो ने लाभ उठाया। ज्ञात हो कि मोबाइल मेडिकल वेन (चलित चिकित्सा सेवा) जो स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शुभारंभ किया गया है, को जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त आशुतोष पांडेय ने मेडिकल वेंन एवम टीम को लगातार शहर के वार्डों में भेजकर एवम स्वयं उपस्थित होकर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया को सुगम बना दिया है। इसी तारतम्य में शनिवार को इंदिरा नगर क्षेत्र में मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें अन्य वार्डों की अपेक्षा मरीज जागरूक होकर जांच कराने पहुंचे और अपनी समस्याओं के आधार पर बीपी, सुगर, हिमोगलोबिन टेस्ट कराया। साथ ही निःशुल्क दवा प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। मेडिकल गाड़ी के कैम्प स्थल पर क्षेत्र के पार्षद आरिफ हुसैन, एल्डरमेन दयाराम धुर्वे एवम प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष एवम मेडीकल कॉलेज के अशासकीय सदस्य शेख ताजीम ने क्षेत्र के मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के मदद से आसपास में प्रचार कराकर मेडिकल वेन में स्वास्थ्य लाभ लेने जागरूक किया गया। कैम्प में 83 लोगों ने जांच कराया। जिसमें 23 बच्चे भी शामिल रहे और घर के दरवाजे पर सरलता से इलाज कराकर साथ ही निःशुल्क दवा पाकर संतुष्ट नजर आए।

## नरवा विकास कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन की एक महती योजना

- नरवा विकास योजना से मिली तरक्की की नई राह वेस्ट वियर के निर्माण से सैकड़ों किसानों को मिल रही है सिंचाई की सुविधा

पायनियर संवाददाता < अकलतरा
www.dailypioneer.com

नरवा विकास कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन की एक महती योजना है प्रदेश सरकार की नर व विकास परियोजना का कार्य जिले में तेजी से हो रहा है।

इस परियोजना से जिले के किसानों को जीवन में अब बदलाव आने लगा है किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सुधार आ रहा है जिले के बलौदा विकासखंड के गांव के किसानों को बरसात के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन अब नाला जल संरक्षण के लिए वेस्ट वियर का निर्माण किया गया है इस निर्माण से सैकड़ों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है कृषि भूमि सिंचित हो रहा है अप किसान दोहोरी फसल भी लेने लगे हैं।

दोहरी फसल लेने से उनकी आवकभी बढ़ गई है किसानों को पेयजल सिंचाई सहित इस तारीख कार्य के लिए वर्षभर जल की उपलब्धता बनी रहती है जलभराव बने रहने से ग्रामीणों को सिंचाई के लिए हमेशा जल की उपलब्धता बनी रहती है इससे फसल की पैदावार भी अच्छी होती है प्रशासन की यह जल संरक्षण के लिए किए गए उपाय से किसानी कार्य एवं व्यक्तिगत पानी उपयोग के लिए मदद मिल रही है।

## जांजगीर-चांपा जिला के अंतर्गत नवागढ़, डभरा, मालखरौदा मंडल में भाजपा की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के डभरा मंडल में प्रशिक्षण कि तैयारी हेतु जिला प्रशिक्षण के सह प्रभारी और डभरा मंडल के प्रभारी राजू महंत, सह प्रभारी हरदयाल पटेल , साथ में शेखर क्षत्रिय, श्री सोनी और डभरा मंडल के अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल , जिला कार्यसमिति सदस्य नेतराम चंद्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवराज चंद्रा , जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रशिक्षण के प्रभारी मुरारी दुबे, सह प्रभारी सुवन प्रकाश कैवर्त , महामंत्री प्रकाश खांडे, नगर पंचायत डभरा के उपाध्यक्ष दीपक साहू, पार्षद किरण टंडन, मंडल मंत्री मनोहर साहू, अंजनी बरेठ, मुकेश सिदार, खेमैंद्र नायक, दिनेश बरेठ, शैलेन्द्र बंजारे, शरद पांडेय, वीरेंद्र सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे, जिसमें श्री महंत जी द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए और प्रशिक्षण को सफल बनाने हेतु कार्य विभाजन कर उनके प्रभारियों की नियुक्त किया गया और अंत मै प्रशिक्षण हेतु भवन का अवलोकन किया गया,इसी तरह भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत पामगढ़ मंडल, मालखरौदा मंडल, नवागढ़ मंडल सहित अन्य मंडलों में भी 27 नवंबर से प्रशिक्षण वर्ग को लेकर निरंतर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, तथा सभी 26 मंडलों में 2 दिसंबर तक बैठकर संपन्न कराने का लक्ष्य दिया गया है, एवं बैठकों में प्रभारी, सह प्रभारी के साथ जनप्रतिनिधि गण भी सक्रियता के साथ बैठक ले रहे हैं, तथा भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में बैठक में प्रशिक्षण वर्ग के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आगे की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

## विद्युत पहुंच विहीन गांव में सौर ऊर्जा से ग्रामीणों को मिल रहा पानी

- जनजाति बाहुल्य वनांचल ग्रामों में सोलर पंप से मिल रहा पानी, क्रेडा विभाग की पहल ला रही रंग
- विद्युत पहुंच विहीन गांव में सौर ऊर्जा से ग्रामीणों को मिल रहा पानी

पायनियर संवाददाता < अकलतरा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चम्पा जिले के जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत कुदरी घुटिया,रैनपुर जैसी जनजाति बाहुल्य इलाकों में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए क्रेडा विभाग द्वारा ऐसे गांवों में सोलर पंप स्थापित किया गया है। इससे समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे दूरस्थ ग्रामीणों को पानी सहजता के साथ उपलब्ध हो रहा है। साथ ही इन ग्रामीण अंचलों में इसके लिए किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि भी खर्च नहीं करनी पड़ रही है। खास बात यह है कि ऐसे दूरस्थ ग्रामीणों अंचलों के ग्रामीणों को बिना किसी मेहनत के 24 घंटे निःशुल्क पानी मिल रही है। ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ कई स्कूल हैं जहां के छात्रों को भी आसानी से शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। इन ग्रामिणो को ग्रामीण अंचलों में हैंडपंप ही एक मात्र पानी का विकल्प होता है।

इसमें भी अधिकांश हैण्डपम्प का पानी पीने योग्य नही होते है। ऐसे हैंडपंप के पानी में आयरन की मात्रा सामान्य से अधिक पाया जाता है।

सोलर पॉवर पम्प के माध्यम से निकलने वाले पानी में आयरन नहीं होता है। केडा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भूजल का सीधे तेजी से बाहर निकलता है यह पानी पाइप में नहीं रुकता है। यही वजह है कि सोलर पॉवर पम्प से निकलने वाले पानी में आयरन की मात्रा नहीं होती है।

## 12 लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

- जिले की आबकारी विभाग द्वारा मामले पर हुई त्वरित कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगातार बढ़ती हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब की अवैध बिक्री एवं कारोबार पर प्रतिबंध स्थापित करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर के आदेशानुसार चल रहे हैं इस कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु लगातार उचित कार्यवाही की जा रही है, जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब की अवैध बिक्री, भंडारण एवं परिवहन निरंतर बढ़ती जा रही है जो कि प्रशासन के साथ-साथ लोगों के लिए भी एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है क्योंकि आज के बुजुर्ग, नौजवान एवं नाबालिक लड़के भी इसकी चपेट में आकर नशे की लत में डूबने लगे हैं, जिस पर इस अवैध महुआ शराब की कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा जगह-जगह मुखबीर लगाई गई है, जिसके परिणाम स्वरूप जिले के आबकारी विभाग के अधिकारियों को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुआ कि जैजैपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओडेकेरा गांव पर 2 महिलाओं के द्वारा कच्ची महुआ शराब बनाकर अपने- अपने ग्राहकों को पिलाई जाती है, मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त होते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए आबकारी वृत बाराद्वार प्रभारी द्वारा एक टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए ठिकाने पर दिनांक 28/11/20 को दबिश देकर आरोपी लक्ष्मीन बाई तुर्केल के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं तिलेश्वरी तुर्केल के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब इस प्रकार कुल 12 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को जप्त कर उक्त दोनों आरोपीया के विरुद्ध आबकारी अधि. की धारा 34 (02) का 2 प्रकरण कायम कर उक्त दोनों आरोपीया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पेज 1 के शेष...

### हमारा लक्ष्य, गांधी का ...

पर्यटन सर्किट की जो योजना तैयार की है, यह उसके पहले चरण का काम है। अगले चरण में और भी स्थानों को इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण और पूरा छत्तीसगढ़ वह स्थान है जिसने हर युग में भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। त्रेता में जहां यहां राम का आगमन हुआ, वहीं द्वापर में रायपुर के निकट आरंग में भगवान श्री कृष्ण, अर्जन के साथ आए थे। यहां बौद्ध धर्म का गहरा प्रभाव रहा। बुद्ध के बाद सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध संत नागर्जुन ने यहीं के सिरपुर में तपस्या की। नालंदा के बाद भारत का सबसे बड़ा प्राचीन शिक्षा केंद्र सिरपुर में ही था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रचे-बसे हुए हैं। हम सोते-जागते, खाते-पीते हर पल राम को याद करते हैं। एक दूसरे से राम-राम कहकर ही भेंट करते हैं। फसलों के मापने के पारंपरिक पैमाने की पहली गणना भी राम से ही शुरु होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम से जुड़े शिवरीनारायण का न केवल एक अच्छे पर्यटन तीर्थ के रूप में विकास किया जाएगा, बल्कि यहां हर तरह की नागरिक सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ गो सेवा आयोग के अध्यक्ष और शिवरीनारायण मठ के महंत रामसुंदर दास की मांग पर श्री बघेल ने शिवरीनारायण में 30 बिस्तर अस्पताल शुरु करने तथा तीन दिवसीय मानस गान महोत्सव के आयोजन की घोषणा की।

## गौठानों को स्वावलंबी बनाना है लक्ष्य : कलेक्टर

- ई-कॉमर्स साइट्स पर भी मिलेगा जिले में बना वर्मी कम्पोस्ट

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने आजीविका से जुड़े विभागों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं तथा स्थानीय नवाचारों और प्रयासों के तहत जिले में आजीविका संवर्धन के लिये किये जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की समीक्षा की और कहा कि गोधन न्याय योजना के संचालन के लिए गौठानों को स्वावलंबी बनाना हमारा लक्ष्य है इसके लिये सभी सीइओ जनपदों को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों में प्रत्येक विकासखंड में 02 गौठान इस स्थिति में पहुंच जाए कि वहां तैयार वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय कर गोधन न्याय योजना का संचालन खुद से कर सके। इसके लिए वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों का किसानों के बीच प्रचार-प्रसार के साथ ही बाजार विस्तार करने के लिये पड़ोसी राज्यों में भी संभावनाएं तलाशने व ई-कॉमर्स साइट्स के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री का सप्लाई चेन विकसित करने के लिए कहा। कलेक्टर भीम सिंह ने मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों को भी जल्द शुरू करवाने के निर्देश सभी सीईओ जनपदों को देते हुए कहा कि इससे श्रमिकों को नियमित रूप से काम मिलता रहेगा।

## वन विभाग से सेवानिवृत्त हुए राजेस्वर मिश्रा

**रायगढ़।** 33 साल वन विभाग में अपनी सेवा देने के बाद रायगढ़ रेंज अफसर राजेश्वर मिश्रा आज सेवा निवृत्त हो गए और रायगढ़ वन परिक्षेत्र का चार्ज नवपदस्थ रेंजर राजेन्द्र कुमार साहू को सौंप दिए। राजेस्वर मिश्रा अपने कार्यकाल में कई उपलब्धि हासिल किए। वहीं पूरे रेंज में लकड़ी तस्करों के लिए सिर दर्द बने हुए थे तो वन अपराध से जुड़े लोगों के बीच भी राजेस्वर मिश्रा के नाम का खौफ साफ देखा जाता था। राजेस्वर मिश्रा अपने कार्यकाल में 50 से अधिक छोटे बड़े वाहन जो वन अपराध से जुड़े थे उसे भी पकड़कर राजसात कराने में सराहनीय भूमिका निभाई। इसके अलावा वन प्रबंधन समिति को एकजुट करते हुए रायगढ़ रेंज को आगे बढ़ाते चले गए।

## भाजपा चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोटमी मंडल की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत कोटमी मंडल विधान सभा क्षेत्र चंद्रपुर की प्रशिक्षण वर्ग को लेकर बैठक 29 नवंबर को मंडल अध्यक्ष पितांबर सिंह पटेल के निवास बघोद में संपन्न हुई ,जिसमें आगामी प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तार पूर्वक कार्य योजना बनाई गई बैठक में कोटमी मंडल के प्रभारी कन्हैया गोयल,सह प्रभारी जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल टूक्कू सहित मंडल के पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य बूथ अध्यक्ष सचिव तथा प्रशिक्षण वर्ग के पदाधिकारी उपस्थित रहे, प्रशिक्षण वर्ग दिसंबर माह की 16 -17 तारीख को करने हेतु निर्णय लिया गया, तथा जिला संगठन के निर्देशानुसार प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु मंडल पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए बैठक को प्रभारी कन्हैया गोयल, सह प्रभारी टिकेश्वर गबेल टुकक़ु ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देशानुसार पार्टी के कार्यक्रमों को सक्रियता के साथ अपने मंडल में संपन्न कराना है।

एवं प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य पार्टी के नए दायित्व वान पदाधिकारियों को पार्टी की रीति नीति एवं विचारधारा के प्रति अवगत कराना ही मुख्य रूप से शामिल है,बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष पितांबर पटेल, महामंत्री किशोर आजाद सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पार्टी कार्यक्रमों की जानकारी दी

## क्विक न्यूज

### 43 वां रावत नाच में मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के कई नेता होगे शामिल

**बिलासपुर।** 43 वां रावत नाच महोत्सव के लिए समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि जो भी नर्तक दल पांच दिसंबर को रावत नाच महोत्सव में प्रदर्शन करने लाल बहादूर शास्त्री स्कूल मैदान में पहुंचेगे। उन्हें मुख्य द्वार पर ही मास्क और सेंनेटाईजर उपलब्ध कराई जाएगी। महापौर रामशरण यादव ने कहा कोरोना जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के तरफ से 4 सदस्यी टीम भी तैनात रहेंगी जो महोत्सव में शामिल होने वाले नर्तक दल के सदस्यों की जांच करेगी साथ ही थर्मल स्कैन से सभी दलों के सदस्यों की जांच करेगी इसके लिए मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखा गया है। वहीं नगर निगम महोत्सव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लाईट बिजली, पानी अस्थाई शौचालय और साफ सफाई की व्यवस्था करेगी। महापौर ने बताया कि इस बार महोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिरकत करेगें। इसके अलावा प्रदेश के अन्य वरिष्ठ मंत्री भी शामिल होगे। रावत नाच महोत्सव समिति के संयोजक डॉ.कालीचरण यादव ने कहा कि 43 वां रावत नाच महोत्सव की तैयारी तेजी से किया जा रहा है।

# 21495 किसानों की सुविधाओं का जायजा लेने निकली एसडीएम

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली (पथरिया)
www.dailypioneer.com

■ उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

पथरिया एसडीएम अनुराधा अग्रवाल ने शनिवार को पथरिया अनुविभाग और विकाशखण्ड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर आधारभूत तैयारियो का जायजा लिया। एसडीएम ने उपार्जन केंद्र पथरिया , पथरगढ़ी , गंगद्वारी , सिलदहा और पड़ियाइन सहित अन्य उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के लिए एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। इस वर्ष मुंगेली जिले के पथरिया विकाशखण्ड में 10 समितियों के 31 धान उपार्जन केंद्रों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पथरिया में इक्कीस हजार चार सौ पंचानवे (21495) किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

एसडीएम ने धान खरीदी की समुचित व्यवस्था 30 नवंबर तक पूरा करने के लिए



संबंधित ब्लॉक सहकारिता अधिकारी , खाद्य निरीक्षक , राजस्व निरीक्षक , खरीदी केंद्र प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

**एसडीएम ने मूलभूत सुविधाओं पर दिया जोर** – शनिवार को धान उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण पर निकली एसडीएम अनुराधा ने खरीदी केंद्रों में किसानों के मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए खरीदी केंद्र प्रभारियो को निर्देशित किया। जिसके अंतर्गत कंप्यूटर आपरेटर, पीने के पानी की व्यवस्था, छाया , प्राथमिक चिकित्सा , शौचालय की उपलब्धता , स्थल समतलीकरण , घेरा , तराजू बांट , कम्प्यूटर प्रिंटर , तिरपाल , बारदाना की सप्लाई इत्यादी आधारभूत व्यवस्थाओं को पूर्ण करने और नियमित रूप से इस सबकी पूर्ति करने के संबंध में धान खरीदी केंद्र के प्रभारियो को निर्देश दिए गए।साथ ही धान खरीदी केंद्र में पर्याप्त स्थल उपलब्धता और चबूतरों की स्थिति के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली।

### किसानों की सुविधाओ के लिए बनेंगे एप्रोच रोड

खरीदी केंद्रों के निरीक्षण दौरान एसडीएम पथरगढ़ी और सिलदहा केंद्र पहुँची। जहाँ उपस्थित ग्रामीण किसानों ने बताया कि धान बेचने के लिए आते समय मुख्य मार्ग से खरीदी केंद्र तक पहुँचने वाला एप्रोच रोड नही होने अथवा जर्जर होने के कारण परेशानियो का सामना करना पड़ता है । जिस पर एसडीएम अनुराधा ने जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारा को पथरगढ़ी और सिलदहा के धान खरीदी केंद्रों में एप्रोच रोड के निर्माण और मरम्मत के लिए निर्देशित किया। उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराधा अग्रवाल के साथ ब्लॉक सहकारिता अधिकारी दुर्गेश साहू , खाद्य निरीक्षक संदीप पाण्डेय एवं राजस्व निरीक्षक शंकर लाल मतवारे उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया पर्यावरण वन का वर्चुअल लोकार्पण

■ 1 करोड़ 40 लाख की लागत से लुतरा में स्थापित किया गया है पर्यावरण वन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिलासपुर वन मंडल के अंतर्गत सीपत बलौदा मार्ग पर ग्राम लुतरा में 1 करोड़ 40 लाख की लागत से स्थापित पर्यावरण वन का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लुतरा सहित छत्तीसगढ़ के लोगों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वनमंत्री मोहम्मद अकबर भी वर्चुअली शामिल हुए। ग्राम लुतरा में कार्यक्रम के दौरान मौजूद वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अटल श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण वन की स्थापना हजरत सैय्यद इंसान अली बाबा की समाधि स्थल पर किया गया है। यहां पर न केवल छत्तीसगढ़ के लोग आते हैं अपितु दूसरे राज्यों से भी लोग दर्शन के लिए आते हैं इसलिए यह पर्यावरण वन पर्यटन स्थल के रूप में भी प्रसिद्ध होगा। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने कहा कि वन विभाग द्वारा पर्यावरण वन स्थापित कर सराहनीय कार्य किया गया है। पर्यावरण वन के संबंध में मुख्य वन संरक्षक अनिल सोनी ने बताया कि पर्यटन तथा जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यहां पर्यावरण पार्क बनाया गया है। इसका निर्माण पर्यावरण वानिकी योजना के तहत किया गया है। इस पार्क में 10 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में लॉन का निर्माण किया गया है। पार्क में लैंड स्कैपिंग एवं पाथवे का निर्माण किया गया है। पाथवे के किनारे नारियल, सुपारी, पाम, फाक्सटेल पाम और वृहद स्तर पर गुलाब एवं मोंगरा आदि सुगंधित फूलदार प्रजातियों के पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण किया गया है। पार्क में फौव्वारा के निर्माण सहित हाई मास्क लाईट एवं स्वागत द्वार का निर्माण भी किया जा रहा है। माइक्रो फ्लोरा एवं माइक्रो फौना के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए फॉउनटेन का निर्माण कराया गया है। इस पार्क में विभिन्न प्रकार की तितलियां एवं सूक्ष्म जीवों की उपस्थिति आकर्षण का केन्द्र है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

# गार्डन में रखा ओपन जीम का सामान कबाड़ होने की कगार पर



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के चर्चित और मनोहारी कोतरा रोड बूढ़ी माई उद्यान में विगत 6 माह से ओपन जीम के सामान में जंग खा रहा है। जन प्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी होने के पश्चात आज तक इसको क्यों नहीं लगाया गया यह समझ से परे है।

ज्ञात हो कि इस उद्यान में बच्चे, युवा सहित बुजुर्ग भी प्रातः और संध्या भ्रमण के लिए सपरिवार आते हैं। जहां कोरोना में लोगों को व्यायाम सहित स्वस्थ रहने की सलाह दी जा रही है। वहीं निगम की शिथिल कार्य प्रणाली लोगों के समझ में नहीं आ रही है। ज्ञात हो कि विगत दिनों निगम के अधिकारियों ने चर्चा के दौरान कहा था कि इसे शीघ्र चालू किया जाएगा। वहीं गार्डन की विद्युत व्यवस्था भी 70 प्रतिशत बंद रहती है। जिससे लोगों के लिए खतरा मंडराता रहता है खासकर बच्चों और महिलाओं के लिए अब देखना यह है कि जीम और और लाईट की व्यवस्था कब लोगों को मिल सकेगी यह तो समय ही बताएगा। बहरहाल लोग प्रातः और संध्या जरूर स्वस्थ हवा लेने आ रहे हैं। बस उन्हें इंतजार है जिम के शीघ्र चालू होने की।

# हाईकोर्ट ने दिए 2सी लाईसेंस में बिलासपुर भोपाल उड़ान शुरू करने का निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा जारी अखण्ड धरना आंदोलन 184वें दिन भी जारी रहा। आज समिति को हाईकोर्ट के द्वारा 23 नवम्बर को पारित आदेश के बारे में जानकारी दी गई जिसमें शीघ्र हवाई सेवा प्रारम्भ करने संबंधी प्रभावी निर्देश केन्द्र सरकार को दिये गये है। गौरतलब है कि 3सी लायसेंस के लिए निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी लाईसेंस का आवेदन ओ.एल.एस सर्वे रिपोर्ट लंबित होने के कारण नहीं किया जा सका है। सर्वे करने वाली कंम्पनी के कर्मचारी एवं सी.ई.ओ. सभी कोरोना पॉजीटिव होने के कारण उक्त रिपोर्ट लंबित है। कंम्पनी के सी.ई.ओ. का जो कि सुनवाई के दिन आई.सी.यू में थे, 26 नवम्बर को दुःखद निधन भी हो गया है। इस स्थिति में बिलापुर से उड़ान प्रारंम्भ करने में अतिरिक्त विलंम्ब संभावित है। उक्त स्थिति को देखते को देखते हुए हाई कोर्ट प्रेक्टीसिंग एडवोकेट बार ऐसोशिएशन की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने न्यायालय से निवेदन किया कि जगदलपुर की तरह ही 2सी लाईसेंस रहते हुए ए.टी.आर 600 विमान की अनुमति रायपुर और हैदराबाद उड़ान के लिए दी गई है। वैसी ही अनुमति बिलासपुर-भोपाल उड़ान के लिए ए.टी.आर 600 विमान को दी जा सकती है क्योंकि अलायंस एयर कंम्पनी इसी विमान से यह उड़ान संचालित करेंगी।

साथ ही केन्द्र सरकार को उड़ान का टाइम-टेबल जारी करना है उसे लाईसेंस आने के पहले ही तय हो जाना चाहिए अन्यथा उसमें भी अनावश्यक विलंम्ब होगा। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस और जस्टिस पी.पी.साहू की खण्डपीठ में केन्द्र सरकार को निर्देश दिये कि ना केवल बिलासपुर-भोपाल उड़ान का शेड्यूल जारी किया जाये बल्कि जगदलपुर की तरह ही बिलासपुर से उड़ान की अनुमति 3सी लाईसेंस आने के पूर्व ही दिये जाने की सम्भावनाओं पर आवश्यक कार्यवाही की जाये।

न्यायालय ने इस बात का उल्लेख किया है कि बिलासपुर 3सी से संबंधित सारे आवश्यक कार्य पूर्ण किये जा चूके है अतः ऐसा किया जाना उचित होगा। साथ ही बिलासपुर-प्रयागराज-दिल्ली रूट का टेंडर परिणाम घोषित करने की अपेक्षा भी केन्द्र सरकार से की गई है। उक्त आदेश का हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने स्वागत किया है। और उम्मिद जताई है की केन्द्र सरकार बिलासपुर से उड़ान शुरू करने की आवश्यक कार्यवाही अविलंम्ब करेगी।

# दुर्घटनाग्रस्त कार में मिली गांजे का खेप

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com


■ घायल तीन में से 2 आरोपी गिरफ्तार, एक की हालत गंभीर, उड़ीसा से कर रहे थे अवैध तस्करी

एक कार का एक्सीडेंट होने के बाद जब सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची तो इसमें तीन लोग घायल अवस्था में पड़े हुए थे। वही जब कार की जांच की गई तो उसमें से बड़ी मात्रा में गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया है वहीं एक आरोपी की हालत नाजुक होने के कारण उसका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस को सूचना मिली कि एक स्विफ्ट कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है जिसमें सवार युवकों को गंभीर चोट आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसमें जब पुलिस ने चेकिंग की तो 8 किलो गांजा रखा पाया गया। पुलिस ने चकरभाटा निवासी शुभम वर्मा, बलौदा बाजार निवासी धन्नू उर्फ धनंजय मंडावी को गिरफ्तार कर लिया है वहीं तीसरे आरोपी आकाश कुमार उर्फ नानू की स्थिति नाजुक है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर लंबे समय से यहां खपा रहे थे ।वहीं दूसरी तरफ दुर्घटनाग्रस्त कार भाटापारा के पूर्व पार्षद के नाम पर रजिस्टर पाई गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पर्यटन बोर्ड में भर्ती प्रक्रिया की जांच की मांग को लेकर कन्हैया अग्रवाल ने सौंपा ज्ञापन

■ 15 दिनों में जांच कमेटी को देना था प्रतिवेदन आज तक नहीं हुई जांच- कन्हैया

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने पर्यटन बोर्ड में वर्ष 2008 में हुई सीधी भर्ती प्रक्रिया के अपात्र व्यक्तियों के चयन संबंधित शिकायत पर पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू के आदेश के बाद गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किये जाने पर पर्यटन बोर्ड की प्रबंध संचालक को ज्ञापन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। श्री अग्रवाल ने बताया कि पर्यटन बोर्ड में 2008 में हुई सीधी भर्ती प्रक्रिया में अर्हता के विपरीत अपात्र व्यक्तियों का चयन किया गया था जिसकी शिकायत लगातार अलग-अलग स्तर पर की गई । दिनांक 07 जुलाई 2020 को पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू से की गई शिकायत के दौरान ही माननीय मंत्रीजी ने उक्त मामले की जांच हेतु प्रबंध संचालक को आवश्यक निर्देश दिए,मंत्रीजी के निर्देश पर 10/08/2020 को प्रबंध संचालक द्वारा महाप्रबंधक सुनील अवस्थी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया।

जिसमें मयंक गुप्ता, श्रीरंगषरद पाठक एवं दिलीप आचार्य को शामिल करते हुए निर्देशित किया गया था कि जांच में विलंब किये बगैर शिकायत पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच कर 15 दिनों के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जावे परन्तु तीन माह बाद भी आज दिनांक तक इतने गंभीर मामले की जांच प्रारंभ तक नहीं हुई है । उन्होने बताया कि जांच में हो रहे लगातार विलंब की वजह से जहां अपात्र व्यक्तियों के हौसले बुलंद हैं,अतः आज प्रबंध संचालक को ज्ञापन सौंप मंत्रीजी के निर्देश पर गठित की गई कमेटी के जांच कार्य को तीव्र करने की मांगयुक्त ज्ञापन दिया गया।

### पंचायत सचिव मुरलीधर गुप्ता निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनपद पंचायत धरमजयगढ़ ग्राम पंचायत जमरगी-डी के पंचायत सचिव मुरलीधर गुप्ता को 14 वें वित्त की राशि 10 लाख रुपए नियम विरूद्ध आहरण कर व्यय किए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

# फर्म में भागीदार बनाने के नाम पर 19 लाख की ठगी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

■ आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

कोतरारोड रायगढ़ का निवासी निवासी ट्रांसपोटर दीपक अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली में मनीष कुमार मिश्रा निवासी ग्राम मर्रा दुर्ग के विरूद्ध महाकौशल प्रेस के फर्म के व्यवसाय में भागीदार बनाने के लिए झूठा अनुबंध कर 19,19,000 रुपए की ठगी करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दुर्ग के मनीष कुमार मिश्रा से वर्ष 2018 में जान पहचान हुई थी। उसी साल मनीष ने प्रस्ताव दिया कि वह प्रेस से संबंधित कार्य करता है। वह महाकौशल प्रेस नामक भागीदारी फर्म बनाएगा जिसमें 19,19,000 रुपए निवेश किए जाने पर इससे होने वाली आमदनी का 50 प्रतिशत निवेशक को प्राप्त होगा तथा बैंक खाते का संचालन दोनो के संयुक्त हस्ताक्षर सें किया जाएगा। उसके प्रस्ताव को दीपक अग्रवाल स्वीकार कर रायगढ़ में दोनों पार्टनरशीप डीड 1000 रुपए के स्टाम्प पर निष्पादित किए। मनीष द्वारा दीपक अग्रवाल से 19,19,000 रुपए प्राप्त कर भागीदारी फर्म महाकौशल प्रेस के माध्यम से व्यापार प्रारंभ किया गया। कई बार दीपक अग्रवाल द्वारा एकाउन्ट और फर्म के कागजात मनीष से मांगा, लेकिन वह कागजात व एकाउन्ट देने में टाल-मटोल करने लगा। जिस कारण शंका हुआ जब दीपक ने जानकारी लिया तो मालूम हुआ कि मनीष महाकौशल प्रेस के नाम पर दर्ज पुरानी फर्म से ही व्यापार कर पुराने खाते में रुपए लेन-देन कर रहा है। दीपक द्वारा अपने रुपए की मांग करने पर नौ अक्टूबर मूल्य 5 लाख रुपए का चेक मनीष दिया जो मनीष के खाते में पर्याप्त रकम न होने के कारण बाउंस हो गया।

# जो घर बसाने का वादा किया, सरकार में आते ही मकानों को तोड़ने आमाद

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

■ निगम ने तालापारा क्षेत्र के मिनी बस्ती घरों को खाली करने जारी किया नोटिस

तालापारा क्षेत्र के मिनी माता नगर झुग्गी बस्ती को तोड़ने नगर निगम द्वारा भेजा गया नोटिस के बाद काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने विरोध करते हुए महापौर रामशरण यादव को ज्ञापन सौंपा। राज्य और शहर में कांग्रेस हुकूमत में आने के बाद अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है 2015 - 2017 में बीजेपी तालापारा क्षेत्र के मिनी माता नगर झुग्गी को हटाने की योजना बनाई थी इस दौरान विपक्ष में बैठे कांग्रेस के स्थानिग नेता तथा जनप्रतिनिधि बस्ती में बैठक लेकर स्थानीय नागरिकों को आश्वासन देकर बस्तियों का एक भी घर नही टूटने देंने का वादा करते रहे । मगर आज राज्य और निगम दोनों जगह कांग्रेस की सरकार आने के बाद अपना असली रूप दिखाने लगी है इन्ही के शासन काल में बस्ती को तो?ने का नोटिस जारी किया है। नेताओ द्वारा आवास देने की बात कही जा रही है । वर्तमान में 2 हजार से अधिक परिवार काफी लंबे अर्से से रह रहे हैं जो आशा अभियान के तहत श्रम दान करके अपने घर खुद बनाये थे। बस्ती वालों का कहना है कि जब पैसा हमने लगाया है। 22 शर्तो के मुताबिक पट्टे के हिसाब से सब मालिक होंगे, किरायेदार नही , पर नगर निगम द्वारा जारी नोटिस की जो कहा गया है वह समझ से परे है। संतोष बंजारे ने बोला कि हमको स्वतंत्रता से रहने दे, हमे फ्लैट नही चाहिए। साथ ही रिजवाना ने बोला कि लिखित बताये सरकार कि सबको मकान देंगे और वापस यही बसायेंगे इसको लिखित शपथपत्र सरकार के सक्षम अधिकारी भी दे, और उसकी समय सीमा तय हो कि कितने समय तक घर बनकर तैयार हो जाएंगे। उक्त तमाम बातों के साथ 6 सूत्रीय मांगों को लेकर निगम का घेराव किया गया व महापौर, नगर निगम, बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा गया। महापौर से वार्ड 25 के बस्ती के लोगो की बस्ती तोड़े जाने के विरोध में बातचीत हुई,आश्वासन मिला है कि सहमति के खिलाफ बस्ती में कुछ नही होगा, सबसे चर्चा के बाद ही कुछ किया जाएगा, जनता अब इंतजार में है कि उनकी मांग को माना है जाएगा या नही।

## वार्ड नम्बर 13 में स्थिति और खराब

# सबसे स्वच्छ नगर की गलियों में गन्दगी इतनी के चलना हुआ मुश्किल

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली (पथरिया)
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत के आधे से ज्यादा वार्डो के सड़कों में गंदगी इतनी ज्यादा बढ़ गयी है कि गलियों में चलना ही दूभर हो चला है । वार्ड नम्बर 13 में स्थिति और खराब है यहाँ से वार्ड 11 को जोड़ने वाली सीसी रोड के ऊपर हमेशा नाली का गंदा पानी बहता रहता है जबकि इसी वार्ड में नगर पंचायत अध्यक्ष का निवास है इसी तरह वार्ड 9 और दस को जोड़ने वाले सीसी रोड में घरों से निकला गन्दा पानी भरा रहता है अगर वार्ड दो की बात करे तो यह भी गंदगी सडको में नजर आएगा कमोबेस नगर के आधे से ज्यादा वार्डो में जल निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण सडको में ही गन्दा पानी बह रहा है वही राज्य का छठवां सबसे स्वकच्छ नगर



का तमगा हासिल किया हुआ नगर पंचायत इन समस्याओं को लेकर उदासीन नजर आता है लेकिन नगरवासी गंदे पानी और कीचड़ वाले सडको में आने जाने को मजबूर है । वही हर समस्या को कोरोना काल के कारण निराकरण नही होना बता कर पल्ला छाड़ लिया जा रहा है जबकि इसी कोरोना काल मे नगर पंचायत का भवन लाखों रुपये खर्च कर अब वातानुकूलित बन चुका है इसके साथ ही कई लाख रुपये नगर पंचायत के विभिन्न मदो से आहरित भी हो गया है लेकिन जनता के समस्याओं से जुड़े कार्यो पर कोरोना के प्रभाव के कारण कार्य नही हो पाना बताया जाता है ।

### जल आवर्धन के चक्कर में खोद डाले पूरा नगर

नाली का गन्दा पानी सडको में बहने की समस्या से त्रस्त नगरवासियों के सामने एक नई समस्या ख?ी हो गई है । नगर में इन दिनों जल आवर्धन योजना के नाम पर सीसी रोड से लेकर मुख्य बाजार के गलियों तक को बेतरतीब खोद डाला गया है और उसे काम चलाऊ तरीके से ढक दिया गया है जिसके कारण कई लाख खर्च कर बनाये गए सीसी रोड छतिग्रस्त हो गए है और स?क की चौ?ाई कम हो गयी है क्योकि किनारे में खोदाई के कारण वाहन नही चल सकते । वही इन छतिग्रस्त स?क को फिर से कौन बनायेगा तय नही है ऐसे में अगर जल आवर्धन के ठेकेदार सडको की बेतरतीब खुदाई कर चले जाते है तो नगर पंचायत को फिर से खर्च कर सड़क बनवाना पड़ेगा इसमे समय भी लगेगा तब तक नागरिकों को टूटे सड़क और बह रहे गंदे पानी से जूझना ही पड़ेगा।

# धान खरीदी में किसी प्रकार की अनियमिता बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर भीम सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने नगर निगम ऑडिटोरियम में जिले के सभी समिति प्रबंधकों को संबोधित करते हुये कहा कि धान खरीदी में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समिति में धान बेचने आने वाला किसान खुशहाली का अनुभव करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। इसलिए पहले से गिरदावरी कराके समितियों में आने वाले धान की अनुमानित मात्रा का आंकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधकों और राजस्व अधिकारियों को किसी



प्रकार की गड़बड़ी की आशंका हो तो अभी भी 30 नवम्बर तक सुधार कर सकते है। कलेक्टर भीम सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र की धान खरीदी समितियों की व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करें। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों से आने वाले धान की निगरानी और जप्ती के लिए चेक पोस्ट बनाए गए हैं जिससे कि अन्य राज्यों से धान आने की संभावना न रहे इन चेक पोस्टों पर राजस्व, पुलिस तथा फूड विभाग के कर्मचारी तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने आशा व्यक्त किया कि जिले में धान खरीदी अच्छे से हो सकेगी क्योंकि धान खरीदी का बेसिस सुधर गया है और गिरदावरी भी ठीक से हुई है। बैठक के दौरान उप पंजीयक सहकारी समिति तथा मार्कफेड के अधिकारियों ने धान खरीदी की प्रक्रिया के बारे में समिति प्रबंधकों को विस्तार पूर्वक बताया और समिति प्रबंधकों के प्रश्नों का निराकरण किया। उन्होंने धान खरीदी के बाद धान की पेकिंग, सिलाई तथा सुरक्षित भंडारण के बारे में भी बताया।

# महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक का दावा मानव तस्करी के आरोपियों को मिला पूर्व मंत्री का संरक्षण

## रायपुर के पंडरी इलाके से गिरफ्तार महिला आरोपी का पति पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के मंत्री का करीबी

■ आईजी ने गठित की आठ सदस्यीय टीम, एएसपी प्रज्ञा मेश्राम करेंगी अगुवाई, एएसपी चंद्रा भी शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ में सामने आए मानव तस्करी के मामले को लेकर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने हरियाणा की भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं को निशाने पर लिया है। राजनांदगांव के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची श्रीमती नायक ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के एक पूर्व मंत्री पर मानव तस्करी के आरोपियों से संबंध रखने और संरक्षण देने का बड़ा आरोप लगाया है। इसके अलावा उन्होंने इस पूरे मामले में हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए वहां की भाजपा सरकार को भी घेरने की कोशिश की। उधर, दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा ने मानव तस्करी के मामले की सूक्ष्म पड़ताल के लिए स्पेशल टीम का गठित कर दी है।

अध्यक्ष श्रीमती नायक ने कहा कि, डोंगरगढ़ की महिला ही इस गिरोह का शिकार हुई हो ये मानना गलत है। आशंका है कि इस गिरोह ने इसी तरह कई महिलाओं - युवतियों को दूसरे राज्यों में बेचा होगा। इसलिए इस मामले में गंभीर पड़ताल की जरुरत है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है और वे जांच करने वाली स्पेशल टीम से हर सप्ताह इस मामले पर अपडेट लेती रहेंगी। गौरतलब है कि मानव तस्करी के इस मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक महिला आरोपी रायपुर के पंडरी इलाके से गिरफ्तार की गई है जो कि भाजपा से जुड़ी रहीं हैं। श्रीमती नायक के इस दौरे के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे व अन्य उनके साथ मौजूद थे।



### मंत्री ने दिया संरक्षण!

सीधे तौर पर भाजपा को निशाने में लेते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर से गिरफ्तार महिला आरोपी गंगा पाड़े के पति सहदेव पाड़े पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के एक पूर्व मंत्री के करीबी बताए जाते हैं। संभव है कि उक्त पूर्व मंत्री ही इन आरोपियों को संरक्षण देते रहे। उन्होंने भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले भी जिले के वनांचल की एक नाबालिग के शोषण के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के ओएसडी रहे ओपी गुप्ता जेल में हैं। इन सभी मामलों से यह समझना आसान होता है कि भाजपा सरकार के दौरान यहां क्या कुछ हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि, ऐसे गंभीर मामले भाजपा शासित प्रदेशों में ही देखने को मिल रहे हैं। डोंगरगढ़ में सामने आए मानव तस्करी के मामले में भी आरोपियों ने भाजपा शासित हरियाणा का ही रुख किया। ये काफी गंभीर है। उन्होंने यह भी कहा कि ओपी गुप्ता पर लगे आरोपों का विषय हो या फिर मौजूदा मानव तस्करी का मामला इनके तार भाजपा से ही जुड़ते हैं और इस पूरे विषय में भाजपा किसी भी तरह की जांच या अन्य पहलुओं पर बात करने से बचती रही है।

### अध्यक्ष की मांग पर गठित हुई स्पेशल टीम

इस पूरे मामले में महिला आयोग की भूमिका को लेकर श्रीमती नायक ने कहा कि, पुलिस में दर्ज मामले में महिला आयोग दखल नही देती। फिर भी हमने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव दौरे के दौरान उन्होंने एएसपी सुरेशा चौबे व अन्य अधिकारियों से इस मामले की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कलेक्टर टीके वर्मा व पुलिस अधीक्षक डी श्रवण से भी उन्होंने चर्चा की है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जानकारी के बाद उन्होंने पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी से चर्चा कर स्पेशल टीम गठित करने की मांग रखी थी। इस पर शाम 5 बजे ही दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद सिन्हा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम की अगुवाई वाली एक टीम गठित कर दी है। इस टीम में सीएसपी मणीशंकर चंद्रा, निरीक्षक अलेक्जेंडर किरो, उप निरीक्षक बिलकिश चौहान, सह उप निरीक्षक बीआर बिसेन, आर. एपी शीला, आर. मनीष मानिकपुरी, आर. रावेंद्र राविक शामिल हैं।

### ये अकेला मामला नहीं

आयोग की अध्यक्ष श्रीमती नायक ने शंका जाहिर करते हुए कहा कि मानव तस्करी के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह सक्रिय है। पुलिसिया जांच में अभी ऐसे कई और आरोपी गिरफ्तार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि गिरोह से ताल्लुक रखने वाले और सरंक्षण देने वालों में कई बड़े नाम सामने आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के फोन कॉल डिटेल्स और अन्य साक्ष्यों के माध्यम से जल्द से जल्द पीड़िताओं को ट्रेस करना होगा। इसके साथ ही आरोपियों के लिंक्स भी सामने आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ की एक अकेली महिला को बेचा जाने तक ही इन आरोपियों की गतिविधियां नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि पुलिस की जांच में ऐसे कई और मामले सामने आएंगे।

# बारदाना संकट : पीडीएस और राईसमिलर्स से हुआ 30 लाख बारदानों का बंदोबस्त

■ पखवाड़े भर की ही जरुरत हो सकी पूरी, नए बारदाना भी पहुंचे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एक दिसंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी से पहले प्रशासन को बारदानों की कमी के संकट से जुझना पड़ रहा है। आनन - फानन में राज्य सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने पीडीएस व राईस मिलर्स से 15-15 लाख बारदानों की व्यवस्था की है। इसके अलावा बारदाने के 68 सौ नए गठान भी जिले को उपलब्ध हो चुके हैं। जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने बताया कि लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में बारदाने पहुंच चुके हैं। इतनी मात्रा में बारदानों की उपलब्धता के सहारे 10-15 दिनों तक बगैर किसी विवाद के धान खरीदी की जा सकती है। उन्होंने जानकारी दी कि रविवार को कलेक्टर टीके वर्मा ने जिले के सात-आठ उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लिया है।

दूसरी ओर टोकन को लेकर जिले भर में आज भी किसानों की शिकायतें सामने आती रही। बीते शुक्रवार से शुरु हुए टोकन वितरण में अब भी परेशानियां पेश आ रही हैं। कभी सर्वर तो कभी अन्य तकनीकी समस्याओं के चलते किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहे हैं। इसे लेकर किसान लगातार चक्कर लगा रहे हैं। कई किसान उपार्जन केंद्रों में ही कई दिनों से डेरा डाले हुए हैं। वहीं आसपास के किसान अल सुबह से कतार लगा रहे हैं फिर भी उन्हें टोकन नहीं मिल पा रहा है।


### टोकन वितरण अभी तक खटाई में

समर्थन मूल्य पर धान बेचने चक्क र काट रहे किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। घुमका सोसायटी के अंतर्गत 46 गांवों के किसान धान बेचने सप्ताह भर से लगातार सहकारी समिति में टोकन लेने भटक रहे किसानों को सोमवार तक भी टोकन मिलना मुश्किल बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार साफ्टवेयर में गड़बड़ी और इंस्टॉल नही हो पाने के चलते सिस्टम से टोकन जारी नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में आशंका जताई जा रही है कि आगामी 1 दिसम्बर से धान खरीदी शुरू होना मुश्किल हो सकता है। जबकि इस स्थिति से निपटने मैनुअल तरीके से रजिस्टर में इंट्री कर टोकन के माध्यम से धान खरीदी के पहले दिन समिति की ओर से औपचारिकता पूरी करने की गरज से गिने चुने चार पांच किसानों का धान खरीदी करने की तैयारी की खबर है।

ज्ञात हो कि पूरे क्षेत्र में धान की कटाई मिंजाई का काम लगभग महीने भर से पूरा हो चुका है। समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी के आस में धैर्य खो चुके कई किसानों ने अपनी उपज कोचियों और दलालों को बेच दिया है और अब इन्ही किसानों के पट्टे की पंजीयन के सहारे दलाल समितियों में धान खपाने सक्रिय हैं। अभी से समिति के कर्मचारियों के साथ सांठगांठ करने की जुगत लगा रहे हैं। कृषक सेवा सहकारी समिति घुमका के 46 गांव के किसानों का धान घुमका, पटेवा, मुरमुण्दा और भैंसातरा धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीदा जाना है बीते सालों से कोचियों के स्तरहीन और बदरा धान की खरीदी समेत कई अनियमितताओं के आरोपों से घिरे कर्मचारियों और पदाधिकारियों पर आरोपो के चलते आपराधिक मामलों में कार्यवाही भी हो चुकी है। इस साल भी कोचियों का धान खपाये जाने की आशंका है।

# छत्तीसगढ़ लोक कला मार्ग का मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राजेन्द्र पार्क चौक से सिविल लाइन चौक तक पहुंच मार्ग का नामकरण छत्तीसगढ़ लोक कला मार्ग होने जा रहा है। इस मार्ग में सौदर्यीकरण एवं आम जनों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही डामरीकरण के कार्य किया जा रहा है। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 2 दिसंबर को किया जाएगा। 50 लाख की निधि से विज्ञान भवन के सामने राउत नाचा, सुवा नृत्य, योद्धा नर्तन, कुम्हार, हल चलाते किसान एवं सूर्य नमस्कार की झांकियां लगवाई गई हैं साथ ही धूल मुक्त सड़क के लिए दोनों ओर पेवर ब्लॉक, प्रकाश व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है। जिसका लोकार्पण पूर्व अवलोकन करने विधायक अरुण वोरा के साथ महापौर धीरज बाकलीवाल, एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, एल्डरमेन अंशुल पांडे, अजय गुप्ता, देव सिन्हा, पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, अलताफ अहमद एवं निगम आयुक्त इन्द्रजीत बर्मन, प्रकाश थवानी, जितेन्द्र समैय्या पहुंचे। विधायक वोरा ने कहा कि छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमर दुर्ग चहुमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। सभी वर्गो के हितो के लिए सरकार की समदर्शिता जनता के सामने है। मूलभूत आवश्यकताओं के साथ ही शहर का सौंदर्यीकरण भी आवश्यक है इस कड़ी में 64 करोड़ की लागत से जीई रोड एवं 14 करोड़ की लागत से ठगड़ाबांध एवं शहर में अमृत मिशन योजना के तहत 8 उद्यानों को निखारने का प्रयास किया जा रहा है।

# भ्रमित कर किसानों को बरगलाने का काम कर रही है कांग्रेस सरकार : जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की एक आवश्यक बैठक प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला भाजपा कार्यालय में आहूत की गई, जिसमें प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री जयसवाल ने कांग्रेस की किसान विरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान में भूपेश बघेल ने गिरदावरी के तहत किसानों की भूमि का रकबा कम कर दिया है, जिसके कारण किसानों को अपनी पूरी फसल बेचने में भारी तकलीफ होगी , उन्होंने कहा कि किसान अब जान चुके हैं कि उनकी हितैषी सरकार कौन सी हैद्य श्री जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ भ्रम फै लाने का कार्य कर रही है और किसानों के हित में कोई भी ऐसा निर्णय या कार्य अभी तक पारित नहीं किया गया है, और जानबूझकर सुनियोजित तरीके से धान खरीदी की समय सीमा 1 दिसंबर की गई है ताकि किसानों द्वारा मंडी के बाहर धान बेचा जा सके द्य

श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के किसान हितेषी बिलों को राज्य सरकार इसलिए लागू नहीं कर रही है क्योंकि उस बिल में मंडी टैक्स की समाप्ति की बात की गई है, जबकि राज्य सरकार मंडी टैक्स को 2 और बढ़ा चुकी है तथा साथ ही किसानों को धान का पैसा 72 घंटे में देने की बाध्यता केंद्र सरकार ने की है, जबकि राज्य सरकार को डेढ़ वर्ष तक पैसा रोकने की आदत पड़ चुकी है द्य श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के किसान हितेषी बिलों को झूठ बोलकर भ्रम फैलाकर बरगलाने का कार्य राज्य की भूपेश बघेल सरकार कर रही है। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में स्वागत प्रतिवेदन किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मूलचंद लोधी ने दिया और उसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने किसानों की समस्याओं के बारे में प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया तत्पश्चात किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने किसानों से जुड़ी केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया और राज्य सरकार की कमियों को भी बतलाया। द्य बैठक के अंत में जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे किसानों के प्रयास में कार्यों को और राज्य सरकार के प्रयासों को अंतर बताते हुए समझाया और राज्य सरकार पर किसानों को झूठा आश्वासन देकर सत्ता हथियाने का आरोप भी लगाया, श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि बैठक में किसानों की सर्वाधिक उपस्थिति यह दशार्ती है कि किसान आज की सरकार से कितना व्यथित और दुखी है।

# बिल आहरण कर राशि गबन के दोषी सचिव पर अब तक नहीं हुई कार्यवाही

■ ब्लॉक अधिकारी सचिव को बचाने में लगे नहीं दे रहे हैं ध्यान

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत छुरिया के दो ग्राम पंचायतों में फर्जी हस्ताक्षर कर बिल आहरण कर गलत भुगतान कर राशि गबन और पंचों के मानदेय राशि का गबन करने के मामलों में पंचायत सचिव ललित कुमार जांगड़े अब तक कार्रवाई से दूर हैं। जांच में दोषी पाए जाने बाद भी अभी तक ब्लाक अधिकारियों के द्वारा इस मसले पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया जाना समझ से परे है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत झिथराटोला के आश्रित ग्राम बरछाटोला से हालेकोसा सरहद तक मिट्टी, मुरूम, सड़क पुलिया निर्माण कार्य में सचिव ललित कुमार जांगड़े द्वारा आरसीसी पाइप क्रय की राशि मेसर्स भिलाई सीमेंट पाइप कंपनी को ना कर पाइप क्रय की राशि को रेत, सीमेंट, गिट्टी क्रय के नाम से सरपंच की फर्जी हस्ताक्षर कर पाइप क्रय सामग्री क्रय में फर्जी बिल लगाने का मामला सामने आया था। सचिव द्वारा राशि का गबन किया गया था। जिसकी शिकायत जिला कार्यालय में हुई थी। जांच उपरांत इस मामले में सचिव को दोषी पाया गया और उक्त राशि को 15 दिनों में वसूली करने कहा गया है।

### पहले भी फंस चुके हैं

वही ग्राम पंचायत बोईरडीह के आश्रित ग्राम तेन्दुटोला में पंचों की राशि को बैंक से आहरण कर पंचों का मानदेय राशि को वितरण नहीं किया गया था। जिसकी शिकायत बाद जांच में उक्त सचिव को दोषी पाया गया था। जिन्हें 3 दिनों के भीतर मानदेय की राशि को कार्यालय में जमा करने एवं स्पष्टीकरण की नोटिस जारी कर छोड़ दिया गया था। दो पंचायतों में राशि गबन की जांच में दोषी पाए जाने बाद भी पंचायत सचिव ललित कुमार जांगड़े से शासकीय राशि की तत्काल वसूली कर गबन करने के मामले में उचित कार्यवाही किया जाना चाहिए था। राशि की वसूली कर और स्पष्टीकरण की नोटिस जारी कर ऐसे ही छोड़ देने से शिकायतकर्ता और ग्रामीणों में आक्रोश है।

## टोकन की कीमत तीन सौ रुपए, इसके बाद रोकने वाला कोई नहीं

# पाटेकोहरा में फिर शुरु हुआ टोकन का खेल, धरे गए आरोपी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आरटीओ चेक पोस्ट पाटेकोहरा को संचालित हुए साल नहीं बिता की वाहन चालकों से वाहन क्रासिंग कराने के नाम पर चालकों से अवैध वसूली करने का आज पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस चौकी चिचोला द्वारा मुखबीर की सूचना मिलने पर रात्रि करीबन 1:30 बजे छुरिया मोड़ बापूटोला के पास कुछ लोग वाहनों को रोककर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आरटीओ बैरियर पाटेकोहरा से क्रास कराने के नाम पर अवैध वसुली कर रहे हैं। सूचना पाकर चिचोला पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंची जहां तीन व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे। इन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में राजकुमार सिन्हा ( 41), अनिल वर्गिस (54) पिता स्व. केएस वर्गिस निवासी चिचोला, लखन साहू (37) शामिल हैं।

मौके पर ट्रेलर (एनएल 01एडी 2730) चालक एवं परिचालक अनुरूध्द मड़ावी (21) निवासी देवरी महाराष्ट्र एवं ट्रक (एनएल 01 एडी 8205) चालक पप्पू कुमार यादव (29) निवासी किटाडीह बागबेड़ा झारखंड द्वारा पुलिस को बताया गया कि उपरोक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा जबरदस्ती वाहन रोककर आरटीओ बैरियर क्रासिंग कराने के नाम से 300-300 रूपये लेकर चेक पोस्ट क्रासिंग कराने के लिए टोकन दिया गया था। ट्रक चालकों के पास टोकन मिला जिसे मौके पर पुलिस ने जप्त किया है। पकड़े गये तीनों आरोपियों के पास से दो कॉपी, दो डॉटपेन, तीन मोबाईल, एक बांस का डण्डा, कार्बन, 1500 नकदी राशि को कब्जा में लेकर पुलिस ने जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि तीनो आरोपी राजकुमार सिन्हा, अनिल वर्गिश, लखन साहू द्वारा वाहन चालको का जबरदस्ती रास्ता रोककर अपने आप को आरटीओ बैरियर का कर्मचारी होना बता कर बेईमानी पूर्वक धोखा करते हुये आरटीओ बैरियर क्रासिंग कराने के नाम पर टोकन देने के बदले 300-300 रूपये की वसूली कर रहे थे। तीनों व्यक्तियों के वाहन चालको एवं शासन के साथ धोखाधड़ी कर नुकसान पहुंचाया गया है। वाहन परिचालक अनुरुद्ध मड़ावी की रिपोर्ट पर धारा 341, 384, 420, 34 भादवि का कृत्य धारा सदर का अपराध करते पाये जाने पर मौके से गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।



### मिलीभगत की आशंका, तस्करों को फायदा

आरटीओ बैरियर पाटेकोहरा में रोजाना इसी प्रकार वाहन चालकों से गेटपास द्वारा अपनी कमाई के लिए दो सौ से लेकर पांच सौ रुपए तक लेकर बिनाआरटीओ अधिकारी के जानकारी के वाहनों को छोड़ा जाता है ऐसी खबर निकलकर आई है। इससे रोजाना शासन को चुना लगाया जा रहा है। वहीं इससे वाहनों की कागजात, वाहनों में भरें माल की जानकारी नहीं मिल पाती जिसका तस्कर फायदा उठाते हैं। वहीं इन्ही लोगों का सहारा लेकर पशु तस्कर भी आसानी से आरटीओ बैरियर पाटेकोहरा से रोजाना रात्रि में पशुओं से भरें वाहनों को कत्लेखाना ले जाने पार लगाया जाता है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. 57 अ/6 वर्ष 2020-21

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्रौपती बाई पति सुकदास डहारे जाति सतनामी निवासी ग्राम पेन्ड्री तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अनावेदक दुर्गादास पिता भग्गूदास के नाम से ग्राम धनडोंगरी में ख.नं. 614 का रकबा 4.26ए./1.724हे. भूमि स्थित है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को क्रय कर दिनांक 08.10.2020 को उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में निष्पादित किया जा चुका है। उक्त क्रयशुदा भूमि का पंजीयन के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर या आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.12.2020 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)




संकलनकर्ता - रामचरित द्विवेदी, ब्यूरो चीफ-कोरिया (छ.ग.) मोबाइल-8319651960

# अनुमति लिए बिना नपा ने बनाया सीसी रोड भूमि स्वामी ने मुरूम गिराकर रोका आवागमन

मो. तनवीर कुरैशी जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद् निर्माण कार्यों को लेकर सुर्खियों में है। टेंडर की दर का विवाद अभी थमा भी नहीं था कि एक सीसी रोड से जुड़ा विवाद शुरू हो गया है। मामला निजी जमीन में भूस्वामि से अनुमति लिए बिना सीसी रोड बना दिए जाने का है। वहीं जब भूस्वामि जब अपनी जमीन पर सड़क का निर्माण देखा तो उसने नाराज होकर सड़क को मिट्टी-मुरूम डालकर बंद करा दिया। यह मामला नगर पालिका परिषद् क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-1 का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2019 के नवंबर महीने में नगर पालिका से वार्ड क्रमांक- 1 के पुराना सीसी रोड से बाबूलाल के घर तक नया सीसी रोड निर्माण के लिए 3.41 लाख रुपए का टेंडर निकाला गया। उक्त सड़क को 22 प्रतिशत बिलो में हासिल करने के बाद ठेकेदार ने सीसी रोड का निर्माण करा दिया। कुछ दिनों बाद जमीन मालिक को इसकी जानकारी मिलने पर उसने सड़क को बंद करा दिया। अब सड़क पूरी तरह से बंद हो चुकी है।



## सड़क निर्माण पर उठ रहे सवाल

नगर पालिका द्वारा वार्डों में सड़क बनाए जाने को लेकर अपनाई जा रही औपचारिकताओं में सवाल उठना शुरू हो गया है। दरअसल भूस्वामियों का यह कहना है कि जमीन मालिक की अनुमति और सहमति लिए बिना जमीन में सड़क बना देना अनुचित और गैरकानूनी है। हम इसका विरोध करते हैं। दरअसल दूसरे निर्माण कार्य एजेंसी विभागों में सड़कों के निर्माण से पूर्व जमीन अधिग्रहण की औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं और उन्हें मुआवजा दिया जाता है। लेकिन यहां यदि मुआवजा का प्रावधान न भी हो तो कम से कम भूस्वामि से उनकी अनुमति लेने पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।


## पार्षद की सहमति ही सर्वोपरि?

वार्ड क्रमांक-1 की सड़क पर उठे विवाद के संबंध में नगर पालिका की प्रभारी सीएमओ और सहायक अभियंता वसुंधरा भगत से भूस्वामि से सहमति और अनुमति के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जहां आम रास्ता होता है उसकी जानकारी देकर पार्षद नगर पालिका में दर्खास्त देते हैं उसके बाद ही टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाती है और निर्माण कार्य कराया जाता है। भूस्वामि की सहमति और अनुमति का प्रावधान नहीं है।

निजी जमीन पर आवागमन के अनुसार और पार्षद के कहने पर सड़क का निर्माण कराया गया है। भूस्वामि को कोई दिक्कत है तो पहले आना था। बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

**-वसुंधरा भगत,**
प्रभारी सीएमओ, नपा जशपुर

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरू नानक जयंती-प्रकाश पर्व की दी बधाई




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को गुरू नानक जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि सिख धर्म के पहले गुरू नानक देव जी की जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में उल्लास के साथ मनाया जाता है। गुरू नानक देव के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। गुरू नानक जी को विश्व भर में सांप्रदायिक एकता, सच्चाई, शांति, सदभाव के ज्ञान को बांटने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने मनुष्यों को प्रेम, एकता, समानता और भाई-चारा का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि प्रकाश पर्व मनाते समय कोविड-19 से बचाव के लिए शासन दिशा-निर्देशों और सामाजिक व शारीरिक दूरी के सिद्धांतों का पालन करें।


## 33 धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर ने अधिकारियों को किया नियुक्त

**कोरिया।** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की आरंभिक तैयारी के निरीक्षण एवं समुचित व्यवस्था हेतु जिले के 33 धान खरीदी केन्द्रों में मानिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एसएन राठौर द्वारा कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं राजस्व से पटवारियों को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।


















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403